वर्ष-19, अंक- 1 व 2, (संयुक्तांक) जनवरी-फरवरी 2023

दीप कमल



प्रदेश के अंबिकापुर के जनजातीय अधिकार महासम्मेलन में लिया गया कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प।

दीप कमल

वर्ष-19, अंक- 1 व 2, (संयुक्तांक)
जनवरी-फरवरी 2023

संपादक
सुभाष राव

कार्यकारी संपादक
पंकज कुमार झा

मुद्रक एवं प्रकाशक अरुण साव द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, मूणत ऑफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।

स्वत्वाधिकारी
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

ई-मेल
jay7feb@gmail.com

फोन
0771-2233500, 2233511

सोशल मीडिया से

Amit Shah @AmitShah · 3d

आजादी से लेकर छत्तीसगढ़ की रचना तक कांग्रेस के शासन में यहाँ गरीबी, भुखमरी, खराब सड़कें, बेरोजगारी और नक्सलवाद था, जबकि भाजपा के 15 वर्षों के सुशासन ने प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की ओर अग्रसर किया।

BJP Chhattisgarh @BJ... · 1h

मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और एक्सटेंशन रिफार्म (आत्मा) योजना के तहत कोदो, कुटकी, रागी के साथ-साथ जरूरी संसाधन किसानों को मुफ्त मुहैया करवाएगी रही केंद्र की मोदी सरकार...

Dr Raman Singh @drramansingh

चुनाव सामने देखकर दाऊ @bhupeshbaghel को बेरोजगारी भत्ता याद आ गया।

52 महीनों तक युवाओं के ₹2500 का जिक्र नहीं किया, क्या कांग्रेस का घोषणापत्र सिर्फ आखिरी 6 महीनों के लिए था?

@RahulGandhi के वादे के अनुरूप 4 साल से बकाया ₹12000 करोड़ तत्काल बेरोजगार युवाओं को दिए जाने चाहिए।

Arun Sao @ArunSao3 · 1d

छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से मिशनरी आतंक चल रहा है वो सीधी चेतावनी है आदिवासी भाइयों को या तो धर्म परिवर्तन कर लो या पीटे जाओगे!

ऐसा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का विजन दिया है @RahulGandhi जी आपने ?

छत्तीसगढ़ भी आते अपनी यात्रा लेकर,देखते कैसे भारत जोड़ रहे हैं आपके लाडले मुख्यमंत्री!

Brijmohan Agrawal @... · 1d

अब छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी जुआ, नशा, बलात्कार अउ रंगदारी।

@bhupeshbaghel जी आप के गृह जिले में हर दूसरे दिन एक वारदात हो रही है,

आप के अंदर थोड़ी सी भी लज्जा बची हो तो तुरंत अपने पद से इस्तीफ़ा देकर राज्य को अंधेर राजा से मुक्त करने का कष्ट करें।

Ajay Chandrakar @Ch... · 4h

छ.ग.(उपद्रवग्रस्त) के मान. मुख्यमंत्री कांग्रेसी सदैव सुरक्षित रहें,पर इस बात की जांच भी जरूरी है, तथाकथित फर्जी ओ.एस.डी. को फर्जीवाड़ा करने के लिए फर्जी दिखाकर नियुक्त तो नही किया गया, ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे, सी.एम.सचिवालय विश्वसनीय अधिकारियो के संकट से जूझ रहा है

बजटः वंचितों को वरीयता

नरेंद्र मोदी

अमृत काल में पहले बजट ने विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण किया है।यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और आकांक्षी समाज, गरीबों, गांवों और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने का प्रयास करता है।वित्त मंत्री जी और उनकी टीम को इस ऐतिहासिक बजट के लिए हार्दिक बधाई। पारंपरिक कारीगरों जैसे कि बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार और कई अन्य शिल्प को जानने वाले लोग हमारे राष्ट्र निर्माता हैं। पहली बार, देश इन लोगों की कड़ी मेहनत और सृजन के सम्मानस्वरूप कई योजनाएं लेकर आया है। उनके लिए प्रशिक्षण, ऋण और बाजार संबंधी सहयोग की व्यवस्था की गई है। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान यानी पीएम विकास करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा।

सरकार ने शहरों से लेकर गांवों में रहने वाली और कामकाजी महिलाओं से लेकर गृहणियों तक के लिए जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और पीएम आवास योजना आदि जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो उन्हें सशक्त बनाएंगे और उनके कल्याण को सुनिश्चित करेंगे। अगर महिला स्वयं सहायता समूह, जोकि अपार क्षमता वाला एक क्षेत्र है, को और अधिक मजबूत किया जाए तो अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की जा सकती है। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए कि नए बजट में महिलाओं के लिए एक नई विशेष बचत योजना की शुरुआत के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों में एक नया आयाम जोड़ा गया है,यह महिलाओं को विशेष रूप से साधारण परिवार की गृहणियों को मजबूत करेगा।

यह बजट सहकारी समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनाएगा। सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। इस बजट में नई प्राथमिक सहकारी समितियों के गठन की एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा भी की गई है। इससे खेती के साथ-साथ दूध एवं मछली उत्पादन के क्षेत्र का विस्तार होगा और किसानों, पशुपालन में संलग्न लोगों तथा मछुआरों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे। डिजिटल भुगतान की सफलता को कृषि क्षेत्र में दोहराने के लिए यह बजट डिजिटल कृषि बुनियादी ढांचे की एक बड़ी योजना लेकर आया है।

दुनिया अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष मना रही है और भारत में कई नामों से कई प्रकार के मोटे अनाज मिलते हैं। जब मोटे अनाज दुनिया भर के घरों में पहुंच रहे हैं, तो इनकी विशेष पहचान जरूरी है।इस सुपरफूड को श्री-अन्न नाम से एक नई पहचान दी गई है। यह तथ्य विशेष तौर पर रेखांकित करने योग्य है कि इससे देश के छोटे किसानों और आदिवासी किसानों को देश के नागरिकों के लिए स्वस्थ जीवन के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी।

यह बजट टिकाऊ भविष्य के लिए ग्रीन ग्रोथ, ग्रीन इकोनॉमी, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन जॉब्स को एक अभूतपूर्व विस्तार देगा। इस बजट में, हमने प्रौद्योगिकी और नई अर्थव्यवस्था पर काफी जोर दिया है। आज का आकांक्षी भारत सड़क, रेल, मेट्रो, बंदरगाह और जलमार्ग जैसे हर क्षेत्र में आधुनिक अवसंरचना चाहता है। वर्ष 2014 की तुलना में बुनियादी ढांचे में निवेश 400 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। यह तथ्य भी रेखांकित किये जाने योग्य है कि बुनियादी ढांचे पर दस लाख करोड़ का अभूतपूर्व निवेश भारत के विकास को नई ऊर्जा और गति देगा।इन निवेशों से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे बड़ी आबादी को आय के नए अवसर मिलेंगे।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, जिसे उद्योगों के लिए ऋण सहायता और सुधारों के अभियान के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है,एमएसएमई के लिए दो लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त ऋण गारंटी की व्यवस्था की गई है।अनुमानित कर की सीमा बढ़ाने से एमएसएमई को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।बड़ी कंपनियों द्वारा एमएसएमई को समय पर भुगतान की एक नई व्यवस्था की गई है।

यह बजट 2047 के सपनों को साकार करने में मध्यम वर्ग की ताकत उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने के लिए पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिससे ईज ऑफ लिविंग सुनिश्चित हुई है।कर की दरों में कमी के साथ-साथ प्रक्रियाओं के सरलीकरण, पारदर्शिता और तेजी उल्लेखनीय है।हमेशा मध्यम वर्ग के साथ खड़े रहने वाली हमारी सरकार ने उन्हें करों में भारी राहत दी है। ●●●

श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रधानमंत्री जी की प्रतिक्रिया का संपादित अंश ही 'दीप कमल' के इस अंक की संपादकीय है।

अपनी प्रतिक्रिया कृपया इस आईडी पर दें-
jay7feb@gmail.com

श्री राम हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के प्रतीक

शिवप्रकाश

लोक कल्याण की भावना को लेकर ऋषियों की साधना, त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप भारत राष्ट्र का उदय हुआ। अपने प्रारंभ काल से ही भारत (भा+रत) अज्ञान के तिमिर को हटाकर ज्ञान के प्रकाश को विश्व में प्रसारित करने में संलग्न है। ऋषियों की इसी आकांक्षा पूर्ति के लिए जिन महापुरुषों ने अपने जीवन का आदर्श इस राष्ट्र के सम्मुख प्रस्तुत किया है, मर्यादाओं के पालन एवं श्रेष्ठ आचरण के कारण ही समाज ने उनको भगवान की श्रेणी से विभूषित कर अपने जीवन के उद्धारक के रूप में स्वीकार किया है। उन्हें आज संपूर्ण विश्व प्रभु श्री राम के नाम से संबोधित कर रहा है।

मां सीता की मुक्ति के लिए रावण से उनका युद्ध समस्त स्त्री जाति की मर्यादा की रक्षा के लिए था। रामेश्वरम में शिव की आराधना समस्त संप्रदायों में सद्भाव का मार्गदर्शन था। जिसको महाकवि तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के मुख से कहलाया कि "शिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेहुं नही भावा।" भारतीय संस्कृति का आदर्श भोग नहीं त्याग है।

पिता दशरथ की आज्ञा पालन करने के कारण राम को सिंहासन त्याग करना पड़ा। सत्ता संघर्ष के इस कालखंड में राम का त्याग प्रेरणादायी है।

हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। स्वयं को जानना, अध्यात्म के मार्ग पर चलकर स्वयं को जानना (नर से नारायण) एवं अपने जीवन की यात्रा को पूर्ण करना, प्रभु श्री राम का जीवन इसका भी आदर्श है। इसी आदर्श के कारण हमने उन्हें परम सत्ता ईश्वर के रूप में स्वीकार किया है। साकार स्वरूप में आज प्रभु श्रीराम, मां भगवती (सीता) एवं लक्ष्मण के विग्रह के साथ संपूर्ण विश्व के असंख्य मंदिरों में विद्यमान है। "घट-घट में राम" के भाव से निराकार रूप में भी उनकी प्राप्ति की इच्छा लेकर "श्री राम जय राम जय जय राम" महामंत्र का जप करते हुए सदियों से अनेक साधु संत एवं सामान्य नागरिकों को हम साधनारत देख रहे हैं।

हमारा देश विविधता से भरा देश है। भौगोलिक एवं जलवायु की भिन्नता के कारण हममें भी अनेक विविधताएं दिखाई देती हैं। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में अयोध्या से चलकर श्री लंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, मां शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम राम सर्वत्र दिखाई देते हैं। भाषा की इतनी विविधताओं के बावजूद भी प्रभु राम के नाम पर अपने बच्चों के नाम रखना, सभी भाषाओं में रामायण की रचना, घर-घर में राम का साहित्य और उनकी लीलाओं का मंचन समाज के प्रत्येक वर्ग में उनकी स्वीकृति को दर्शाता है। अपने आदर्श व्यवहार के कारण राम सब में एवं सभी राम में समाये हैं। इसी सत्य को गोस्वामी तुलसीदास जी ने "सिया राम मय सब जग जानी" कहकर गाया है।

गुलामी के कालखंड में हमारे देश के लोगों को अंग्रेज भारत के बाहर दास बनाकर लेकर गए। दुनिया के अनेक देशों में गिरमिटिया मजदूर कहलाने वाले यह भारतीय अपने पुरुषार्थ के कारण आज वहां पर भी प्रभावी बन गए हैं। उनमें से अनेक वहां के संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन देशों की सेवा भी कर रहे हैं। विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस एवं प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया। उनको आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आज उन सभी देशों में प्रभु श्रीराम के मंदिर, रामलीला का मंचन एवं रामायण वर्तमान पीढ़ी का मार्गदर्शन कर रही है। इस तरह प्रभु श्री राम; केवल भारत ही नहीं विश्व भर में फैले असंख्य भारतीयों के साथ-साथ विश्व भर के नागरिकों में मर्यादा पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, अमेरिकी एवं यूरोपी देशों सहित थाईलैंड, कंबोडिया, बर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, जावा एवं बाली सहित दुनिया के अनेक देश इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं।

अपने श्रेष्ठ आदर्श आचरण एवं गुणों के कारण राम में ही राष्ट्र का स्वरूप प्रकट होता है। राम राष्ट्र रूप ही हैं। इस कारण उस समय के ऋषियों एवं उसके बाद के कवि-साहित्यकारों ने भी उनको राष्ट्र के रूप में ही स्थापित किया है। इसके अनेक उदाहरण साहित्य में विद्यमान है। महर्षि बाल्मीकि प्रभु श्रीराम के श्रेष्ठ गुणों का वर्णन करते समय राम और राष्ट्र का एक ही रूप में परिचय देते हैं। भारत का भूगोल हिमालय से प्रारंभ होकर

समुद्र पर्यंत विस्तृत है। राम के गुणों का परिचय कराते समय बाल्मीकि लिखते हैं कि वह धैर्य में हिमालय एवं गंभीरता में समुद्र के समान है। "समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्येण हिमवानिव"। वह स्वयं "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" कहकर मां एवं मातृभूमि को महिमामंडित करते हैं। वनवास जाते समय राजगुरू वशिष्ठ कैकेयी को बताते हैं कि राम जहां राज नहीं करेगा, वह राष्ट्र नहीं होगा। राम जिस वन में रहेगा वह राष्ट्र हो जाएगा।

राजा दशरथ की मृत्यु के बाद की परिस्थिति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए सभी ऋषि कहते हैं कि- "नृपं बिना राष्ट्रं अरण्यभूतं"। उस समय भी उनकी चिंता राष्ट्र के संदर्भ में ही थी।

भगवान श्रीराम ने राजा राम के रूप में जिस लोक कल्याणकारी शासन को हमको दिया, वह आज भी आदर्श है। प्रत्येक व्यक्ति के मत का सम्मान, लोकतांत्रिक व्यवस्था, आरोग्य, शिक्षा, समाज में परस्पर सौहार्द, विषमता रहित समाज यही उनके शासन की विशेषता थी। आज भी हम आदर्श राज्य के रूप में रामराज्य की ही कल्पना करते हैं।महात्मा गांधी सदैव रामराज्य जी के ही पक्षधर थे। रामराज्य में राजा में सभी का कल्याण और सेवा का भाव निहित था। इसी कारण आदर्श के रूप में संविधान के पृष्ठोंपर राम जी के चित्र को उकेरा गया है।

राम! जन-जन के राम है। राम हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के प्रतीक है। राम राष्ट्र के प्रतीक है। वह राष्ट्रपुरुष हैं। राम की शासन व्यवस्था आज भी सभी के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है। उनकी स्मृति में बनें प्रतीक, सदैव हम को प्रेरणा देते रहेंगे।●●●

लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं

अस प्रभु छाड़ि भजहिं जे आना ...

6 करोड़ वर्ष पुरानी शिला जो मिथिला, नेपाल के गंडकी नदी में पड़ी थीं, उसका अब उद्धार हो रहा है। अब वह शालिग्राम शिला साकार स्वरूप होंगे प्रभु विग्रह का। ऐसा कायाकल्प होगा उनका। सायुज्य मोक्ष मिला शिला को। प्रभु के विग्रह में, उनकी मूर्ति में समा गयी वे। 6 करोड़ वर्ष के बाद उद्धार! अहा! प्रभु हो, तेरी गति लखि न पड़े।

किस तरह 'इतिहास' दुहरा रहा है, स्मरण कीजिए। उसी मिथिला में युगों से पत्थर बनी थी अहल्या न? प्रभु के चरण रज की प्रत्याशा में! फिर रज मिला और - परसत पद पावन सोक नसावन प्रकट भई तपपुंज सही, देखत रघुनायक जन सुखदायक सन्मुख रहे कर जोरि रही..

अहल्या जी ने तो पति लोक को प्रस्थान किया था। सालोक्य मुक्ति मिली उन्हें, ऐसा कहा जा सकता है। जबकि इस श्रीशिला ने सीधे सायुज्य मुक्ति पाया है। ऐसी मुक्ति जिसमें सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य और सालोक्य चारों मोक्ष का परम आनंद सम्मिलित हो।

अस प्रभु दीन बंधु हरी, कारण रहित दयाल
तुलसिदास प्रभु ताहि भज्यो, छारि कपट जंजाल।

अस प्रभु छाड़ि भजहि जे आना
ते नर पशु बिनु पूंछ विषाणा।

- पंकज, सोश्यल मीडिया से.

स्वतंत्रता के 100 साल बाद के भारत की परिकल्पना का बजट

जगत प्रकाश नड्डा

अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक-कल्याणकारी और देश के विकास के प्रति समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह बच्चों की पढाई, मध्यम वर्ग की कमाई और बुजुर्गों की भलाई पर बल देने वाला बजट है।ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं उनकी पूरी टीम को मैं अपनी ओर से एवं पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई देता हूँ और उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

आम बजट 2023-24 का एजेंडा है – नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना। इस बजट की 7 अर्थात् सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं – समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है।

मोदीजी ने इस बजट के माध्यम मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही, टैक्स स्लैब को को भी घटा कर 5 तक सीमित कर दिया गया है। मैं मध्यम वर्ग और salaried class के लोगों के हेतु लिए गए इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करता हूँ।पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए PMPBTG विकास मिशन शुरू किये जाने का निर्णय श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। इस योजना के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है जिससे PBTG बस्तियों में बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी।बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाना और अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाने का निर्णय एक स्वागतयोग्य कदम है।

मैं श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किये जाने के निर्णय का हृदय से स्वागत करता हूँ। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा सर्वथा स्वागतयोग्य कदम है। इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किये जायेंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगा और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।

श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने के निर्णय का भी स्वागत योग्य है। इसमें महिलाओं को अब 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5% ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेविंग्स एकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट को भी 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। ये योजनायें महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

वर्ष 2023-24 का आम बजट 'Green Growth' के लक्ष्य का आधार है। नेशनल हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,700 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। सरकार का 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखागया है। एनर्जी ट्रांजिशन के लिए 35,000 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है।

रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय के 2013-14 के बजट से 9 गुना अधिक है। इन्वेस्टमेंट खर्च को 33% बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए किया जा रहा है जो 2019-20 की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत अधिक है। राज्यों को मिलने वाले इंटरेस्ट-फ्री लोन को भी एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट बढ़ कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है।कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उपजे वैश्विक संकट के बावजूद देश

के बजट का आकार बढ़ाकर 45 लाख करोड़ रुपये करना भारत की तेज़ी से बढती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

सन 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। 2047 तक अनीमिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 50 नए एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एरो ड्रोन, एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स का विकास किया जाएगा। सरकार शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष के लिए हर साल 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देगी।MSME को 9 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। इससे उन्हें दो लाख करोड़ रुपए का एक्स्ट्रा कोलेटरल फ्री क्रेडिट भी मिल सकेगा। यह घरेलू अर्थव्यस्था को एक नई मजबूती देगी और इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।देश में 50 पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। 10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए GOBARDAN योजना के तहत 500 नए वेस्ट-टू-वेल्थ प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

कुल मिलाकर, यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है। इस बजट में किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। मैं पुनः इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं उनकी पूरी टीम को कोटि-कोटि साधुवाद देता हूँ।●●●

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा 2023-24 के केंद्रीय बजट पर जारी किये गए प्रेस वक्तव्य का आलेख रूपांतरण।

अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट



अमित शाह

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आत्मनिर्भर भारत के बजट 2023-24 के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद। मोदी सरकार द्वारा लाया गया बजट-2023 अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट है। मुझे विश्वास है कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। इसके लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

मध्यम व वेतनभोगी वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत देने के लिए मोदी जी का आभार। टैक्स रिबेट को 5 लाख से बढ़ा कर 7 लाख करना और टैक्स स्लैब में किये गए अभूतपूर्व बदलाव से मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा। साथ ही सरकारी कर्मचारियों को दी गई राहत का भी मैं स्वागत करता हूँ।Capital expenditure में 33% की वृद्धि करते हुए उसे 10 लाख करोड़ रुपये करना और Fiscal Deficit को 5.9% रखने का लक्ष्य सरहनीय है। यह मोदी सरकार की सशक्त बुनियादी ढांचे और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले नये भारत बनाने की दूरदर्शिता को दर्शाता है।

सहकारी क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें चीनी सहकारी समितियों द्वारा 2016-17 से पहले किसानों को किये गए भुगतान को अपने खर्च में दिखा पाने की सुविधा दी गयी है इससे करीब 10हजार करोड़ की राहत सहकारी चीनी मिलों को मिलेगी। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूँ।किसी भी देश के उज्जवल भविष्य की नींव उसकी शिक्षित व कौशलवान युवा पीढ़ी होती है। युवाओं को किताबें उपलब्ध कराने के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्णय का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ।कृषि ऋण को बढ़ा कर 20 लाख करोड़ किया गया है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाया जाएगा। साथ ही अगले 3 वर्षों तक 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती करने में मदद की जाएगी व 10 हजार Bio Input Resource Centre बनाए जाएंगे।रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ के बजट का प्रावधान किया है जो सुदूर क्षेत्रों को रेलवे से जोड़ेगा। साथ ही देश में 50 एयरपोर्ट, हेलीपोर्टों, एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स के पुनरुद्धार का निर्णय रीजनल एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इस बजट में देश के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय विश्वकर्माओं को अपने उत्पादों की गुणवत्ता और मार्केट तक पहुंच बढ़ाने में सक्षम बनाने के साथ उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा।मोदी सरकार 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र पर चल सहकारिता के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन

स्तर को ऊपर उठाने के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। आज बजट में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने के लिए किये गए अभूतपूर्व निर्णय इसी संकल्प का प्रतीक हैं।

बजट में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित करने की योजना से सहकारी समितियों से जुड़े किसान अपनी उपज का भंडारण कर सकेंगे और उपज को सही समय पर बेच कर उचित मूल्य प्राप्त कर पाएंगे। यह किसानों की आय बढ़ाने के मोदी जी के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। साथ ही अगले 5 वर्षों में सरकार हर पंचायत में नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना की सुविधा प्रदान करेगी। इससे सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और गति प्राप्त होगी, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सशक्त होगा।

31 मार्च 2024 तक बनने वाली मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की सहकारी समितियों को सिर्फ 15% टैक्स के दायरे में रखने पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी का आभार। नकद निकासी पर TDS की अधिकतम सीमा 3 करोड़ करने, PACS व PCARDBs द्वारा नकद जमा व ऋण के लिए प्रति सदस्य 2 लाख की सीमा प्रदान करने का निर्णय सरहनीय है।सहकारी क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें चीनी सहकारी समितियों द्वारा 2016-17 से पहले किसानों को किये गए भुगतान को अपने खर्च में दिखा पाने की सुविधा दी गयी है इससे करीब 10हजार करोड़ की राहत सहकारी चीनी मिलों को मिलेगी। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूँ।●●●

-केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के ट्वीट्स आदि पर आधारित लेख.

देश का सर्वश्रेष्ठ बजट : डॉ. रमन सिंह

वर्ष 2023-24 के आम बजट स्वतंत्र भारत के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ बजट है, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का अभिनंदन।यह बजट देश के सम्पूर्ण विकास के साथ साथ छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का अभूतपूर्व दस्तावेज है। इस आम बजट में आम जनता को जो राहत दी गई है, उससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। देश के बजट में गरीब, मध्यम वर्ग की जनता, महिलाओं, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों, जनजातीय समुदाय, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों सहित सभी की तरक्की के द्वार खोलने के साथ ही कृषि, किसान को प्राथमिकता दी गई है। भारत का बजट दुनिया को नई दिशा देने वाला है।

गांव, गरीब, किसान, युवा, आम जनता का खास बजटः अरुण साव

मोदी जी की सरकार का आम बजट अभिनंदनीय है। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं, बुजुर्गों, पिछड़ों, वंचितों, दलितों, जनजातीय समाज सहित हर वर्ग की आम जनता का खास बजट है। ऐतिहासिक टैक्स रिफॉर्म्स से सबको राहत मिली है। यह बजट, बुलंद भारत की मजबूत अर्थ व्यवस्था का प्रतीक है। इस बजट

ने छत्तीसगढ़ के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। मिलेट मिशन का हमारे जनजातीय समाज को विशेष लाभ मिलेगा। एकलव्य विद्यालयों में भर्तियां होंगी तो वहीं हमारे तकनीकी शिक्षा संस्थानों को नवीन अवसर मिलेंगे। इस बजट में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का खाका तैयार हो गया है।

समावेशी विकास पर आधारित यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का प्रतिफल है जो देश के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। यह बजट घरेलू मोर्चे पर जन आकांक्षाओं की पूर्ति, जन संतुष्टि, संतुलन के साथ ही विश्व में भारतीय अर्थ व्यवस्था का डंका बजाने वाला बजट है। गांव गरीब किसान और कृषि के उत्थान की ठोस बुनियाद वाला बजट देश की युवा पीढ़ी के भविष्य को संवारने तत्पर है। यह रोजगार देने वाला बजट है। आम मध्यम वर्ग और आम जनता को राहत देने वाला बजट है। देश को नई ऊंचाई देने वाला बजट है।

बजट में बड़ा ऐलान किया गया है कि 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। आयकर स्लैब में बदलाव से 15 लाख की आय होने पर वेतन भोगियों को सालाना हजारोंरुपये की बचत होगी।खिलौने, ऑटोमोबाइल, मोबाइल फोन, कैमरे के लेंस, टीवी, इलेक्ट्रिकल गाड़ी सस्ते होने से आम आदमी को महंगाई से राहत मिलेगी। बजट में युवाओं के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोले जाने की घोषणा ऐतिहासिक है। युवाओं के कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिएफंड की स्थापना और अगले 3 साल में एक करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग में मदद देना, साथ ही 10,000 बायो सेंटर्स बनाना युवा और कृषि क्षेत्र में एक बड़ा प्रभावी कदम साबित होगा।कुल मिलाकर इस बजट में युवाओं के रोजगार, स्टार्टअप, मध्यमवर्ग को टैक्स से बड़ी राहत, आम जनता के उपयोग में आने वाली कई चीजों में टैक्स की कमी करने से उन्हें भी राहत मिल रही है। यह बजट भारत को विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देश की श्रेणी की दिशा में बढ़ाने का बजट है। भारत को विश्व गुरु बनाने का बजट है।

बजट संवेदनशील व दूरदर्शी, जनजातीय समूह पर विशेष ध्यान : रेणुका सिंह

हमारी सरकार ऐसी पारदर्शी और जवाब देह प्रशासन की व्यवस्था करने के लिए प्रतिबद्ध है जो आम नागरिक की बेहतरी और कल्याण के लिए कार्य करे, इन्हीं भावनाओं के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्ताव हमारी सरकार ने रखा है। बजट में समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति का विकास, अधोसंरचना एवं निवेश, सक्षमता को बढ़ावा, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र को प्राथमिकता दी गयी है।

इस बजट में जनजातीय समूह के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा सके। अगले 3 वर्षों में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए 38 हजार 800 शिक्षकों की भर्ती, साक्षरता को बढावा देने एनजीओ को विशेष मदद, पीवीटीजी विकास मिशन की शुरुआत एवं जनजातीय समाज के लिए विशेष स्कूल की शुरुआत करने का हम स्वागत करते हैं।

पीएम आवास योजना की राशि बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये की जा रही है। बजट 2022-23 में पीएम आवास के लिए 48,000 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया था। जिसे बढाकर 79 हजार करोड़ किया गया है।रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं जो रेलवे के लिए अब तक का सबसे ज्यादा बजट आवंटन है। ये साल 2014 में दिए गए बजटीय आवंटन से 9 गुना ज्यादा है।प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लॉन्च की जा रही है और एमएसएमई को 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज देने की योजना है। क्रेडिट गारंटी एमएसएमई के लिए रीवैंप स्कीम आएगी। 1 अप्रैल 2023 से 9000 करोड़ उद्योगों को क्रेडिट के रूप में दिया जाएंगे।बजट संवेदनशील है, दूरदर्शी है तथा भारत के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री जी को बहुत बहुत धन्यवाद।

किसानों, युवाओं, महिलाओं पर फोकसः नारायण चंदेल

मोदी जी की सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज के लिए2 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। यह गरीब का चावल हड़पने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार के लिए सबक लेने का अवसर है। भाजपा की मोदी सरकार गरीबों की चिंता करती है। गरीबों को मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन, आवास, शिक्षा, रोजगार दे रही है। योजनाओं का विस्तार कर रही है। राहत देने के लिए प्रावधान बढ़ा रही है। किसानों की प्रगति के लिए इंतजाम किए गए हैं। कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप की परिकल्पना की है। आयकर में 7 लाख रुपये तक छूट दी है।छत्तीसगढ़ के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और यहां की गरीब विरोधी, किसान विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी, कर्मचारी विरोधी सरकार हर बजटमें निराश करती रही है।छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने राज्य की प्रगति के मार्ग में बाधाएं खड़ी की हैं। केंद्र से मिलने वाली राहत में अड़ंगे लगाए हैं। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कुछ नहीं कर रही जबकि मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास को प्राथमिकता दी है। यह बजट उसका प्रमाण है।

भारत को विश्व का सिरमौर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बजटः सरोज पाण्डेय

केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को प्रेरणास्रोत मानते हुए इस बजट में देश के सभी तबकों, चाहे वह किसान हों, महिलाएं हों, व्यापारी हों, नौकरीपेशा वर्ग हो या समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोग हों, सभी को इस बजट में विकास की राह में आगे बढ़ने के लिए प्रावधान किया गया है और उन्हें देश की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया है।यह गर्व का विषय है कि वैश्विक मंदी के इस दौर में भीआर्थिक प्रगति की दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो भारत के लिए एक बड़ी सफलता है।हमारे कृषि प्रधान देश में कृषकों को, जो इस देश के अन्नदाता हैं, उन्हें सबसे ज्यादा सुविधाएं प्रदान की गयी हैं।कृषि क्षेत्र को और सक्षम तथा मज़बूत करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटरयोजना शुरू की गयी है। इससे कृषि के क्षेत्र में भी स्टार्ट अप शुरू करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त मंत्री ने बजट में किसानों के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आने वाला भविष्य इन्हीं अनाजों का है, जिसकी तैयारी भारत आज से कर रहा है। ताकि इसके उत्पादन में वृद्धि हो। जिससे न सिर्फ देश को इसका लाभ मिल सके बल्कि विदेशों को निर्यात कर भविष्य में विदेशी मुद्रा भी अर्जित की जा सके। दूरदर्शिता का यह एक अनुपम उदहारण है। इसके अलावा , मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तथा इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए संस्था का गठन किया जायेगा। जो किसानों को इसकी तकनीकी जानकारी प्रदान करेगा। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को ऐसा विकासोन्मुखी बजट पेश करने के लिए बधाई, यह सम्पूर्ण और समावेशी बजट है। जिसमें देश के हर वर्ग को राहत प्रदान की गई है। देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने तथा विश्व का सिरमौर बनने की दिशा में यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। ●●●

आरक्षण के मुद्दे पर भूपेश सरकार के खिलाफ भाजपा ने हल्ला बोला

अंबेडकर चौक पर विशाल धरना, आदिवासी सहित सर्व वर्ग का आरक्षण कांग्रेस ने छीना

आरक्षण के समर्थन में राजधानी के अंबेडकर चौक पर आयोजित धरने में भाजपा नेताओं, सांसदों, विधायकों ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को आरक्षण विरोधी की हिमायती बताते हुए जोरदार हमला बोला। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जो लोग ओबीसी और फिर आदिवासी आरक्षण के खिलाफ कोर्ट गए, भूपेश बघेल सरकार उन्हें पुरस्कृत कर रही है। इससे इस सरकार की असलियत पहले ही सामने आ चुकी है।

उन्होंने कहा सरकार ने पूरा प्रशासनिक तंत्र लगा कर जन अधिकार रैली का आयोजन किया लेकिन पूरी कुर्सी खाली रही, छत्तीसगढ़ की जनता ने उनको नकार दिया। भूपेश बघेल और उनकी पार्टी का दोहरा चरित्र है कि वे खुद जनता का अधिकार छीनते हैं और तथाकथित जन अधिकार रैली के बहाने संविधान विरोधी, संवैधानिक पद विरोधी मार्च निकालते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जनता यह इतिहास कैसे भुल सकती है कि कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को धन बल लगाकर चुनाव में हरवाया था। श्री साव ने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ का माहौल खराब करने की कितनी भी कोशिश कर लें, छत्तीसगढ़ के लोगों का आपसी प्यार और छत्तीसगढ़ महतारी की माटी की ताकत उनके मंसूबे सफल नहीं होने देंगे और साथ ही हम छत्तीसगढ़ की जनता के हक में भूपेश सरकार के जनविरोधी नीति का सामना करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सड़क पर हम इसलिए बैठे हैं क्योंकि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को छला है। आरक्षण पर तथ्यों को तोड़ मोड़ कर प्रस्तुत किया है। ऐसा विधेयक पेश किया है कि वह संवैधानिक दिक्कतों में फंस गया है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल संवैधानिक पदों का अपमान कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हम लोकतांत्रिक तरीके से सदन के अंदर और सदन के बाहर अपनी बात रख रहे हैं। लेकिन भूपेश बघेल सरकार आरक्षण पर राजनीति कर रही है।

छत्तीसगढ़ के लोगों का आपसी प्यार और छत्तीसगढ़ महतारी की माटी की ताकत कांग्रेस के मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे। हम छत्तीसगढ़ की जनता के हक में भूपेश सरकार की जनविरोधी नीति का प्रतिकार करते रहेंगे।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भूपेश बघेल सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि ये सरकार जनता की हताशा की जिम्मेदार है। हाईकोर्ट के आदेश के 70 दिन बाद तक इन्होंने आरक्षण पर ध्यान नहीं दिया। उप चुनाव आते ही आधा अधूरा विधेयक लेकर आये। ये संविधान के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग कर कलेक्टर एसपी सहित पूरा प्रशासनिक तंत्र झोककर असफल प्रदर्शन करते हैं।

पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि

संविधान की शपथ लेकर भूपेश बघेल संविधान का ही अपमान कर रहे हैं। भूपेश सरकार याद रखे कि वह स्वयं इस आग में भस्म हो जाएगी। खात्मा करके ही लौटते हैं। इनकी ताकत के आगे आततायी रावण नहीं टिका तो भूपेश सरकार की हैसियत ही क्या है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आदिवासी वर्ग सहित सभी वर्ग को उचित आरक्षण मिले। सरकार ने 4 वर्ष में कोर्ट में क्या प्रयास किया, सरकार इस पर श्वेत पत्र जारी करे।

पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण के मामले में कांग्रेस झूठ बोल रही है। आदिवासी आरक्षण में कटौती के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। श्री चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2012 से 2018 तक भाजपा सरकार में न्यायालय में मात्र 1 पेशी हुई, जबकि 2018 के बाद न्यायालय में 14 पेशी हुई जहां इन्होंने आरक्षण पर शासन का पक्ष सही ढंग से नहीं रखा। जिसके कारण आरक्षण रद्द हुआ और ये कहते हैं कि हमने पक्ष नहीं रखा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप विधानसभा को बड़ा मानते हैं तो सदन में क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट क्यों नहीं रखे। सिर्फ भूपेश बघेल की हठ धर्मिता के कारण विधानसभा में गतिरोध चलता रहा और विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई।

पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि हमारी केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ की 12 जातियों की मात्रात्मक त्रुटि सुधारकर अनुसूचित जनजाति वर्ग में जोड़ा। जबकि भूपेश बघेल के विधेयक में तथ्यों के अभाव में राज्यपाल का हस्ताक्षर नहीं हुआ है। अभी यह विधेयक कानून नहीं बना है और ये असंवैधानिक रूप से संकल्प लाते है कि इसे नवमी अनुसूची में जोड़ा जाए।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस ने 70 समाज के समर्थन का झूठा दावा किया था और 7 समाज भी उनके प्रदर्शन में नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा भूपेश बघेल को बताना पड़ेगा की उस क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट में ऐसा क्या है, जो वह छुपा रही है।

नमें कहा कि अवैध धर्मांतरण केवल अंदरूनी क्षेत्रों में नहीं अपितु शहरी क्षेत्रों में भी हो रहा है। लोग अभी रायपुर के पुरानी बस्ती थाने की घपूर्व मंत्री व भाजपा प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति बांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार से प्रदेश का कोई वर्ग खुश नहीं है । भूपेश सरकार ने अनुसूचित जाति व आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग का आरक्षण कम कर दिया जिन्हें देने का ढोंग करते हैं उन्हें भी इन्होंने ठगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रंजना साहू ने कहा कि छोटे छोटे राजनीतिक लालच और हड़बड़ी में भूपेश बघेल ने आरक्षण के मसले पर प्रदेश के युवाओं का बड़ा नुकसान कर दिया।

धरना के पश्चात समस्त सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मुख्यमंत्री निवास घेरने निकले। धरना का संचालन प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने किया। ●●●

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में मंथन

चुनाव के लिए जीत के संकल्प के साथ तैयार हैं : अरुण साव

हमारी लड़ाई अभिनय करने वाले राजनीतिज्ञ से: ओम माथुर

बघेल का पूरा राजनीतिक चेहरा दागदार : डॉ. रमन

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की राजनांदगांव के सोमनी में आयोजित बैठक में चुनावी तैयारियों पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक का शुभारंभ पूर्वान्ह 10.30 बजे दीप प्रज्ज्वलन तथा वंदेमातरम गान से हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने बैठक की प्रस्तावना पेश करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा विजय के संकल्प के लिए चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी पदाधिकारियों में जोश भरा और राज्य सरकार की विफलताओं पर जमकर हमला बोलते हुए कहा ये कांग्रेस की सरकार झूठ और लूट की सरकार है ये अधिकार छीनने वाली सरकार है जनता ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने आतुर है। अरूण साव ने कोरबा में हुए गृह मंत्री के अति सफल दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं और कोरबा की टीम को विशेष बधाई दी।

बैठक को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने संबोधित करते हुए मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा गरीबों की चिंता करने वाली पार्टी के रूप में पहचान रखती है।

श्री माथुर ने कहा छत्तीसगढ़ और राजस्थान दोनों जगह से कांग्रेस सरकार जाएगी। यह भी संयोग है कि छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सरकार को उखाड़ने राजस्थान से कोई आया है। श्री माथुर ने कहा कि हमारी लड़ाई एक अभिनय करने वाले राजनीतिज्ञ से है। अतः पूरी ताकत और संकल्प के साथ कार्य करें। विजय जरूर प्राप्त होगी,सत्य की जीत जरूर होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को फिर से अटल बिहारी जी के सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने के लिए इस जनविरोधी कांग्रेस सरकार को हटाना है। श्री माथुर ने कहा कि नीचे के कार्यकर्ताओं से जुड़ कर उन्हें प्रोत्साहित करना है सभी सारी बातों को छोड़कर केवल 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने के संकल्प को लेकर कार्य करे।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमारे पास मोदी जी के 8 साल और भाजपा के 15 साल की उपलब्धियों का भंडार है। हमने गरीब कल्याण की अनेक योजनाए दी हैं और भूपेश बघेल की सरकार गरीबों का हक मारने का एक भी मौका नहीं छोड़ती है। भूपेश बघेल का पूरा राजनीतिक चेहरा दागदार हो गया है। कोयले में 25 रुपये टन खाते हैं। रेत में 2 हजार रुपये खाते हैं सीमेंट में तो सीमा ही नहीं है। भूपेश बघेल इतिहास के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। यहां नियुक्तियों में बोलियां लगती हैं। ●●●

समाज के सभी वर्गों को जोड़ें : माथुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव में पार्टी को सत्ता में लाने अभी से सक्रिय रूप से जुट जाये, कल कोरबा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी शंखनाद कर दिया है।

उक्ताशय के उद्गार आज यहाँ भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति बिलासपुर के पदाधिकारी एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपनी सक्रियता दिखाते हुए अग्रिम पंक्ति में आकर हरावल दस्ता तैयार कर अपने लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्यों में कर्तव्य निष्ठा के साथ समर्पण भाव से कार्य करें। प्रदेश में अरूण साव के नेतृत्व में हरावल दस्ता तैयार किया गया है जो कर्मठता के साथ क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्को के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं कांग्रेस सरकार की विफलताओं प्रदेश में अराजकता भ्रष्टाचार लूट खसोट बलात्कार हत्या आदि की घटनाओं पर लोगों का ध्यानकर्षण करते हुए सजगता के साथ क्षेत्रों में जुटे रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता किसी भी पदाधिकारी से कम नहीं है। जनमानस से निरंतर संपर्क बनाये रखें। भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को समझते हुए नीति तैयार करें और निरंतर जनसंपर्क बनाये रखें। अपने लक्ष्य निर्धारित कर सामाजिक व भौगोलिक दृष्टि से कार्य योजना तैयार कर मैदान में डटे रहे।

विजय के संकल्प के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें

प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने बालोद जिला भाजपा की बैठक में जिला पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देते हुए लक्ष्य दिया कि बालोद जिले की तीनों विधानसभा सीटें जीतना है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। इसके लिए विजय के संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सारी ताकत झोंक दें और केंद्र सरकार द्वारा जनता के लिए जो योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, उनकी जानकारी एक -एक मतदाता तक पहुंचाएं। भाजपा की केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा, यह भी हमें जनता को बताना है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट जाएं ताकि बालोद जिले की संजारी बालोद, डौंडी लोहारा और गुंडरदेही विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि बालोद जिले के कार्यकर्ता भाजपा को यह तीनों सीटें जीत कर दें ताकि छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की जा सके। प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं, जीवट कार्यकर्ताओं, जमीनी कार्यकर्ताओं, समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए कांग्रेस पर विजय पाना कोई बड़ी चुनौती नहीं है। यह ठान लें कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है। हम चुनाव जीत रहे हैं। अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ फिर से बनाने के संकल्प के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और इस जिले में भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए तैयार है। हम सभी को एकजुटता और समर्पण के साथ कांग्रेस की भ्रष्ट, जन विरोधी, अत्याचारी सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष कर इसे उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बालोद जिला बनाया और इसका विकास किया। बालोद जिले में आज जो भी है, वह विकास भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। चार साल से बालोद जिले का विकास थम गया है। इसके विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाना है। ●●●

भाजपा ने बनाया, कांग्रेस ने बर्बाद किया छत्तीसगढ़ : अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में चुनावी शंखनाद करते हुए कोरबा की विशाल जनसभा में कांग्रेस की राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आ रहे हैं, अगर कुछ किया हो तो बताने के लिए तैयार रखना। जनता सवाल पूछेगी कि 5 साल में क्या किया है? उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने 4 साल में भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया है, बलात्कार बढ़ाने का काम किया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के ननिहाल आया हूं। जय श्री राम के साथ अपनी बात शुरू करता हूं। उन्होंने कहा कि आज राजिम माता जयंती का शुभ दिन है। शुभ दिन पर राजिम माता कर्मा माता को प्रणाम करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। जब मैं यहां आया हूं तब सबसे पहले छत्तीसगढ़ वालों को यह बताने आया हूं कि आपका सालों का सपना, पीढ़ियों की लड़ाई कांग्रेस के अत्याचारों से कहीं न कहीं रुकी हुई थी।

भूपेश बघेल ने भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं किया

कांग्रेस तैयार रहे, जनता 5 साल का हिसाब किताब करेगी

जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, अटलजी प्रधानमंत्री बने, तब छत्तीसगढ़ बनाने का काम किया। जब छत्तीसगढ़ बना तब मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य और छत्तीसगढ़ को उसका सबसे बीमारू हिस्सा माना जाता था। छत्तीसगढ़ का चुनाव हुआ और जनता ने भाजपा को जिताया और तीन तीन बार शासन करने का मौका दिया। मैं समस्त छत्तीसगढ़ की जनता को, कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से कहने आया हूं कि यह कांग्रेसी 4 साल से छत्तीसगढ़ को लूट रहे हैं। मैं उनसे पूछने आया हूं कि आजादी से छत्तीसगढ़ की रचना तक आप लोगों ने शासन किया, छत्तीसगढ़ को क्या दिया? गरीबी, भुखमरी, खस्ताहाल सड़कें, बेरोजगारी और नक्सलवाद देने का काम किया।

भाजपा की सरकार ने 15 साल के अंदर छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर करने का काम किया। ग्रामीण क्षेत्र के कितने सारे लोग आए हैं। मुझे बताइए, हमारे मुख्यमंत्री रमन सिंह बने उसके पहले चावल आपके घर आता था क्या? यह चावल

वाले बाबा ने चावल भेजने का काम किया। कांग्रेस वाले आपका चावल खाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कोरोना काल से चावल मुफ्त देकर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को बहुत बड़ा तोहफा देने का काम किया। छत्तीसगढ़ के घरों में बिजली नहीं थी, सड़क नहीं था, आदिवासी युवा हाथ में हथियार उठाकर नक्सलवाद की तरफ जा रहे थे। हमने छत्तीसगढ़ के अंदर गांव गांव में बिजली भेजने का काम किया सड़कों को चुस्त-दुरुस्त किया। जिन माताओं के पास हवाई चप्पल भी नहीं थी, उनके बारे में भाजपा ने सोचा और उनके लिए राहत का काम भाजपा ने किया। मैं पूछना चाहता हूं कि भूपेश बघेल, बैठ तो गए हो, चुनाव में हमारे पास तो हमारे काम की लंबी सूची है, जरा कुछ किया हो तो दो चार चीजें तैयार कर लेना क्योंकि जनता पूछेगी क्या किया?श्री शाह ने कहा कि ऐसा नहीं है भाई कि उन्होंने कुछ नहीं किया है। उन्होंने भ्रष्टाचार करने का काम किया है, राज्य में बलात्कार बढ़ाने का काम किया, खून ख़राबा बढ़ाने का काम किया और आदिवासी के जंगलों की कटाई करके साफ करने का काम किया।

श्री शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों के लिए 8 साल के अंदर बहुत काम किया है। कांग्रेस नारा देती थी गरीबी हटाओ। गरीबी तो नहीं हटी, गरीब हटना शुरू हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के 70 साल के बाद बैंक अकाउंट से लेकर गरीब को सब कुछ दिया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से सहायता आती है। हर घर के अंदर शौचालय देकर माताओं बहनों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है। माताओं बहनों को गरीबों को 10 करोड़ से ज्यादा देश भर के शहरी और ग्रामीण गरीबों को घर देने का काम किया। गरीब के घर में गैस का चूल्हा पहुंचाया। गरीब को कोरोना का टीका लगाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। नरेंद्र भाई ने 123 करोड़ लोगों को कोरोना टीका लगाकर भारत को सुरक्षित करने का काम किया। हर गरीब को 5 लाख तक का पूरा इलाज मुफ्त करने का काम भाजपा की सरकार ने किया हर गरीब के घर में, घनघोर जंगलों के अंदर भी, दुर्गम पहाड़ियों के ऊपर भी हर गरीब के घर में नल से पीने का पानी पहुंचाने की शुरुआत भाजपा ने की। इसके साथ साथ हम पूरे नक्सलवाद से ग्रस्त क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त कराने की कगार पर पहुंचे।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की रचना की। पिछड़ा वर्ग के सभी भाइयों बहनों को संवैधानिक अधिकार देने का काम नरेंद्र मोदी जी ने किया। इसके साथ साथ पिछड़ा वर्ग के लिए नीट की परीक्षा में आरक्षण व्यवस्था की, नवोदय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय और सैनिक स्कूलों में पिछला वर्ग के

लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। पिछड़ा वर्ग के उद्योगपतियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड की रचना की। 44800 करोड़ की छात्रवृत्ति की व्यवस्था की। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने झूठ बोलना बार-बार बोलना और माइक में बोलना अपना मंत्र बना रखा है। उन्होंने भ्रष्टाचार करने के अलावा कुछ नहीं किया। मैं पूछना चाहता हूं बघेल जी, आपने और आपकी पार्टी ने जनजातीय समाज के लिए क्या किया? इसका हिसाब किताब छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाई-बहन मांग रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी ने द्रौपदी मुर्मु जी को महामहिम राष्ट्रपति बनाया। एक संवैधानिक इतिहास बना। एक गरीब घर में पैदा हुई पढ़ी-लिखी आदिवासी की बेटी आज देश की राष्ट्रपति है। दुनिया के साथ भारत की ओर से बातचीत करती हैं।

श्री शाह ने जिला खनिज मद में गड़बड़ी को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की शुरुआत मोदी जी ने की। हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, वो तो है ही, मगर छत्तीसगढ़ खनिज तत्वों का का भी कटोरा है। छत्तीसगढ़ में जहां-जहां खदान है वहां के सारे भाइयों के लिए किस डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की शुरुआत की। यह व्यवस्था है कि खदान की आय से एक निश्चित हिस्सा क्षेत्र के विकास के लिए देना है। 65000 करोड़ रुपये देशभर के आदिवासियों के कल्याण के लिए, लोगों के कल्याण के लिए दिया। छत्तीसगढ़ को 9234 करोड़ दिया। इसका आपने क्या किया? मैं छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग और जनजाति समाज के लोगों से पूछने आया हूं कि 9234 करोड़ का काम आपके क्षेत्र में हुए हैं क्या? कहां गया पैसा? कहां गया, मैं पता बताता हूं उसका। बता दूं आपके गांव में किसी कांग्रेसी का घर देखना। बघेल सरकार बनने के पहले स्कूटी चलाते होंगे अभी ऑडी घर के सामने खड़ी मिलेगी। टीन की छत का मकान 3 माले का हो गया। क्या कमाई हुई, क्या धंधा हुआ, कुछ नहीं। यह पैसा कांग्रेस के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसका हिसाब किताब करना चाहिए या नहीं? लोकतंत्र में हिसाब किताब घर में जाकर नहीं होता है। मत देकर होता है। कमल निशान पर बटन दबाकर हिसाब किताब करना है। मोदी जी ने जनजातीय क्षेत्र के लिए चार गुना बजट बढ़ाया है। सब के साथ सबका विकास किया है। कांग्रेस सब से केवल झूठ बोलने का काम कर रही है।

आम सभा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा कोर ग्रुप की बैठक ली। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन उपस्थित रहे। ●●●

सरगुजा संभाग से प्रारंभ हुआ विजय अभियान

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की दो दिनी बैठक अंबिकापुर में प्रारम्भ हुई।

बैठक के प्रथम सत्र में सुबह प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। तत्पश्चात भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह व महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में प्रदेश कार्यसमिति प्रारंभ हुई।

बैठक में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। भाजपा आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव और लोक सभा चुनाव यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की उपलब्धियों व भाजपा के 15 वर्ष के कार्यकाल में छत्तीसगढ में हुए विकास के साथ नड्डा जी के संगठन नेतृत्व में लड़ेगी और जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रचंड बहुमत से जीतेगी।

श्री साव ने कहा कि नई पीढ़ी को मालूम होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने बनाया और प्रथम 15 वर्षों में हमने विकास की एक नई गाथा लिखी और छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से विकसित राज्य के पद पर लेकर गए। लेकिन जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई है मुख्यमंत्री निवास भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है।

बैठक में सांसद संतोष पांडे ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने किया। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गये जिसमें राजनीतिक प्रस्ताव में गुजरात चुनाव में अभूतपूर्व विजय के लिये कार्यसमिति ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन किया। इसके अलावा प्रदेश ने एक करोड़ टन से अधिक धान ख़रीदने के लिये भी कार्यसमिति ने मोदी जी का अभिनंदन किया। बैठक में जी-20 की अध्यक्षता और उसकी एक बैठक छत्तीसगढ़ में भी होने का अवसर देने के लिये भी भाजपा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

दूसरे प्रस्ताव में सामाजिक आर्थिक संकल्प का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसे केंद्रीय

राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह और समर्थन किरण देव ने किया।

अमित साहू ने आत्म निर्भर भारत, पुरंदर मिश्रा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने मोर आवास मोर अधिकार विषय पर वृत रखा।

सामाजिक-आर्थिक संकल्प का प्रस्ताव, काम किया है- काम करेंगे, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने रखा । उन्होंने प्रस्ताव में कहा कि सभी को न्याय, भेदभाव किसी से नहीं, यही भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांत है, और अपने इसी सिद्धांत के तहत भाजपा लगातार काम करती रही है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण के बाद प्रदेश में पहली बार निर्वाचित भाजपा सरकार ने भी लगातार 15 वर्ष तक इसी सिद्धांत के आधार पर कार्य किया। भाजपा की प्राथमिकता में कृषि और कृषक कल्याण, गरीब कल्याण, आदिवासी समाज का विकास और भारत का विकास हमेशा रहा है। प्रस्ताव का समर्थन बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव ने किया।

इसी सत्र में डाटा मैनेजमेंट पर भाजपा प्रवक्ता दीपक महस्के, मोदी जी के मन की बात विषय पर जगदीश रामू रोहरा व समर्पण दिवस पर प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन ने वृत रखा।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने भारत में होने वाले G- 20 बैठक विषय पर अपना वृत रखे हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि भारत इस समय जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। अजय चंद्राकर ने कहा कि मोदी जी को अध्यक्षता मिलना भारत को अध्यक्षता मिलना है भारत को अध्यक्षता मिलना भारत के हर नागरिक को अध्यक्षता मिलना है।

प्रथम दिन के अंत में बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि बैठक के माध्यम से कार्यक्रम की कार्य योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि आप यह याद रखें कि इस कार्य समिति की तरफ भाजपा के लाखों कार्यकर्ता मार्गदर्शन के लिए देखते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं में अथाह ऊर्जा है। ऊर्जा का उपयोग स्थानीय कांग्रेसी विधायकों के नाकामी को उजागर करने के लिए होना चाहिए। अगर आम जनता को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला, अगर केंद्र सरकार के गरीब अन्य कल्याण का चावल आम व्यक्ति तक नहीं मिला तो यह राज्य सरकार की विफलता के साथ-साथ स्थानीय विधायक की भी विफलता है। जनता की सभी समस्याओं का हल विधायक होता है अगर वह हल नहीं कर सकता तो समस्या की जड़ विधायक होता है। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर विधायक के खिलाफ हल्ला करना है।

डबल इंजन की सरकार के संकल्प के साथ भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति संपन्न

भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति के अंतिम दिन भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिव प्रकाश जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी महामंत्री संगठन पवन साय जी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक में पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए शिव प्रकाश जी ने कहा कि लोगों की भावना के अनुरूप केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर लाभार्थियों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का यत्न करें। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रीय ही नहीं बल्कि उससे सूक्ष्म स्थानीय विषयों पर चर्चा कर बूथ शक्ति का उपयोग करके आंदोलन खड़ा करें। छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष में हमारे किए कार्य याद करे व 15 वर्ष के हमारे प्रयास से जनसामान्य के जीवन में जो सकारात्मक परिवर्तन आए है वह जनता को याद दिलाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के 15 वर्ष के कार्यकाल हमारी शक्ति है व मोदी जी की आठ वर्ष का कार्यकाल हमारी प्रेरणा है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि 15 वर्ष के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हमने हर क्षेत्र के, हर वर्ग के ,प्रत्येक व्यक्ति के निजी जीवन के प्रत्येक पहलुओं को छुआ है। उनके लिए विकास के कार्य किए हैं, उनके जीवन स्तर में उन्नति के लिए योजनाएं बनाई है। भूपेश बघेल की सरकार जनहित के बजाय स्वयं हित के कार्य कर रही है। भय और भ्रष्टाचार छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुकी है जनता भूपेश सरकार के कार्यकाल से परेशान हो चुकी है हमें जनता तक जाकर उनकी हिम्मत बनना है।

भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संगठन की राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद हम प्रदेश की कार्यसमिति कर रहे हैं। अब 1 से 4 फरवरी तक जिला कार्यसमिति व 7 से 10 फरवरी तक मंडल कार्यसमिति संपन्न किए जायेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि आप निरंतर जिला, मंडल तक प्रवास करके पार्टी के कार्यों में गति लाएं। उन्होंने बूथ की सक्रियता, मोर आवास मोर अधिकार, परीक्षा पर चर्चा, मन की बात, आदि कार्यक्रमों के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक के अंतिम दिन रायपुर संभाग प्रभारी व विधायक सौरभ सिंह ने डबल इंजन की सरकार से ही छत्तीसगढ़ में संभव है,गरीब कल्याण विषय पर योजना प्रस्तुत की। ●●●

सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी भाजपा

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ऐतिहासिक और कुशल नेतृत्व में आज हिन्दुस्तान का विश्व भर में यशोगान हो रहा है। दुनिया आज अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए न केवल भारत की तरफ टकटकी लगाए देख रही है, अपितु अधिकतर विषयों में विश्व का नेतृत्व भी आज भारत कर रहा है। बात चाहे जी-20 की अध्यक्षता का हो, या फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, शंघाई सहयोग संगठन आदि की अध्यक्षता ग्रहण करने का, या रूस-युक्रेन युद्ध जैसी विषम परिस्थिति में युद्ध के विरुद्ध सशक्त संदेश देने का हो, मोदी जी के चमत्कारिक नेतृत्व में भारत आज निस्संदेह पुनः विश्वगुरु बनने की तरफ अग्रसर है।

सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी भाजपा : मां भारती के पुरा वैभव को पुनर्स्थापित करने, राष्ट्र को समृद्धि के चरम उत्कर्ष तक ले जाने के इस यज्ञ में भारतवर्ष की जनता भी अपने नायक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। पार्टी को चतुर्दिक ऐतिहासिक समर्थन मिल रहा है। गुजरात में पिछले सभी कीर्तिमानों से भी आगे बढ़ कर भारतीय जनता पार्टी लगातार 7वीं बार अभूतपूर्व बहुमत से सरकार बनाने में सफल रही है, विपक्षी कांग्रेस को वहां के विधानसभा में जनता ने मुख्य विपक्ष के रूप में मान्यता लायक भी नहीं रहने दिया। पिछले चुनाव की तुलना में गुजरात के अनुसूचित क्षेत्रों में भाजपा की दुगनी से अधिक बढ़त ने यह साबित किया है कि आज भाजपा के सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी राजनीति को समाज के हर वर्ग में एक समान समर्थन मिल रहा है।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
20-21 जनवरी 2023 अंबिकापुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

स्वर्णिम उपलब्धियां : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुआई में भारतीय जनता पार्टी ने भरोसेमंद नेतृत्व, अन्त्योदय की अपनी विचारधारा, गरीब कल्याण के प्रति निष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण ऐतिहासिक समर्थन प्राप्त किया है। बात चाहे देश में रिकॉर्ड समय में 220 करोड़ कोविड टीके लगाने, या 80 करोड़ से अधिक नागरिक तक लगातार निशुल्क चावल/गेहूं और चना आदि पहुचाने की, करोड़ों लोगों के लिए पक्के आवास बनाने या 6.20 करोड़ घरों तक नल से स्वच्छ जल पहुचाने की, 40 करोड़ से अधिक जन धन खाता खोलने और उसके माध्यम से 23 लाख करोड़ से अधिक रकम सीधे जनता के खाते में भेजने की, देश के हर गांव तक बिजली ले जाने की हो या सड़कों का जाल बिछाने की ... मोदी जी की सरकार अपने मूलमंत्र के अनुरूप सबको साथ लेकर, सबका विकास करते हुए, सबके प्रयास से, सबका विश्वास पाने में सफल रही है।

प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार : मोदी जी की सरकार द्वारा नित नया इतिहास रचने के उलट छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार विफलताओं और विश्वासघातों का काला अध्याय गढ़ रही है। अपने भ्रष्टाचार और घोटालों के कारण भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ को लगातार शर्मसार किया है। रोज सामने आते घोटाले, जांच एजेंसियों के छापे, लूट और घपले की मिलती रकम से देश भर में प्रदेश की छवि को गंभीर नुकसान पहुचा है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब मुख्यमंत्री की करीबी उपसचिव, आइएएस समेत उनके अत्यधिक करीबी लोग लम्बे समय से जनता की गाढ़ी कमाई लूटने के आरोप में जेल में हैं, और यह क्रम जारी है। कोयला में प्रति टन वसूली, आयरन पैलेट्स, सिमेंट, रेत आदि में उगाही किया जा रहा है। महादेव ऐप के माध्यम से अरबों की उगाही की जा रही है, इसके तार भी शासन के शीर्ष से जुड़े हुए हैं। नान मामले में जिस तरह की साजिशों का खुलासा हुआ है, जिस तरह मुख्यमंत्री निवास आज हर तरह के षड्यंत्र का केंद्र बना हुआ है, उसकी जितनी निंदा की जाय, कम है। केंद्र सरकार निःशुल्क चावल-चना आदि दे रही है, वहीं उसमें भी कांग्रेस सरकार ने 5 हजार करोड़ से अधिक का गबन कर लिया है।

लगातार ऐसे होते खुलासे और अपनी विफलता से ध्यान हटाने कांग्रेस सरकार अब रोज नया-नया प्रपंच रच रही है। प्रदेश भर में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न जारी है। इससे पहले भी लोकतंत्रिक विरोधों को कुचलने के लिए प्रदेश में कांग्रेस ने एक काला कानुन लाया था। रासुका जैसे कानुन लागू करना भी शासन की इसी मंशा का द्योतक है। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अकारण जिला बदर आदि की कारवाई भी निंदनीय है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं पर शारीरिक, चारित्रिक, आर्थिक हमलों का काला दौर जारी है।

तुष्टीकरण, धर्मांतरण को प्रश्रय : कांग्रेस की सरकार में सनातन विरोधी सांप्रदायिक तत्वों ने प्रदेश को अपना चारागाह बना लिया है। भय और झांसे से प्रदेश के विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में मिशनरियां लोगों को मतांतरित करते हुए जन-जीवन और उनकी समृद्ध संस्कृति को नुकसान पहुचा रही है। कांग्रेस सरकार की शह पा कर ऐसे तत्व अब खुले आम हिंसक गतिविधियों पर उतारू हो गये हैं। हाल के नारायणपुर की घटना से लेकर कवर्धा और रायपुर, अम्बिकापुर आदि में मिशनरियों, जेहादियों, रोहिंग्याओं आदि की गतिविधियां कांग्रेस की शह पर ही चल रही हैं।

आरक्षण विरोधी कांग्रेस : कांग्रेस की राजनीतिक प्रकृति हमेशा से आरक्षण विरोधी रही है। उसने इस नाम पर हमेशा केवल समाज को लड़ाने का काम किया है, लेकिन कभी भी सही अर्थों में वह आरक्षण के प्रति ईमानदार नहीं रही है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस ने अपने इसी परंपरागत आरक्षण विरोधी मंसूबे का परिचय देते हुए एक तरफ आरक्षण की डींगें हांकती है जबकि दूसरी तरफ आरक्षण का कोर्ट में विरोध करने वालों को संसाधन और पद आदि देकर पुरस्कृत करती है। सीधे तौर पर इसका अर्थ है कि कांग्रेस इस विषय को उलझाए रखना चाहती है, जान बूझ कर कोर्ट में मुकदमें कराती और हारती है ताकि प्रदेश के दबे-कुचले समाजों को उसका अधिकार नहीं मिले। कांग्रेस की ऐसे कृत्यों से ही आज छत्तीसगढ़ में शून्य आरक्षण की स्थिति है। प्रदेश में भर्तियां बंद हैं। युवाओं के भविष्य से जुड़े ऐसे विषय से खिलवाड़ करने से बाज आने की चेतावनी देते हुए प्रदेश की यह कार्यसमिति छत्तीसगढ़ के युवाओं को आश्वस्त करना चाहती है कि कांग्रेस द्वारा पैदा किये गए तमाम अवरोधों के बावजूद

भाजपा उनका अधिकार दिला कर रहेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ के 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया है। इसके लिए यह कार्यसमिति मोदी जी का आभार व्यक्त करती है।

किसानों से छल करती कांग्रेस सरकार : इस सीजन में ही छत्तीसगढ़ के किसानों का 1 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदने के लिए यह कार्यसमिति प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन करती है। पिछले सत्रों में केंद्र की भाजपा सरकार ने इस मद में 51 हजार 563 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदेश को देकर किसानों को समृद्ध किया है। तथ्य यह है कि उपार्जित धान पर चावल की खरीद केंद्र सरकार करती है, प्रदेश सरकार का इसमें कोई आर्थिक योगदान नहीं होता। बावजूद इसके किसानों के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलने के लिए यह कार्यसमिति भूपेश बघेल सरकार का निंदा करती है। दुखद यह है कि कर्ज, रकबा कटौती एवं धान नहीं बेच पाने आदि के कारण प्रदेश में 800 से अधिक किसान आत्महत्या को विवश हुए हैं। कांग्रेस वर्मी कम्पोस्ट की नाम पर भी घोटाला कर रही है।

विश्वासघात और विफलता : कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में 36 बड़े वादे किए थे। उसने जनता को भरोसा दिलाया था कि वह सारे वादे पूरे करेगी। लेकिन सत्ता में आने पर कांग्रेस सरकार लगभग सभी वादों से मुकर गयी, या पूरा नहीं की। किसानों के दो वर्ष के बकाये बोनस का भुगतान नहीं किया। मंडी टैक्स ख़त्म करने का वादा था, जबकि इसके उलट टैक्स डेढ़ सौ प्रतिशत बढाया। शराबबंदी की घोषणा कर उसके विपरीत शराब की होम डिलीवरी शुरू की। सबसे अधिक शराब खपत का रिकॉर्ड कांग्रेस शासन में बना है। बिजली बिल हाफ करने का झांसा देकर लगातार मूल्य बढ़ाया। युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया। स्व सहायता समूहों से जुड़ी 22 हजार से अधिक महिलाओं का रोजगार छीन कर एक निजी कम्पनी को दे दिया।

प्रदेश में शिक्षक अभ्यर्थी, विद्या मितान, पुलिस अभ्यर्थी, बिजली कर्मचारी, कोरोना वारियर्स आदि सभी अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। 20 हजार से अधिक छतीसगढ़ियों ने, जिनमें अधिकांश युवा थे, नैराश्य में आत्महत्या कर ली। पिछले तीन वर्ष में छत्तीसगढ़ में 25 हज़ार से अधिक आदिवासी बच्चों की चिकित्सा और पोषण के अभाव में हुई अकाल मृत्यु के लिए भी कांग्रेस सीधे तौर पर जिम्मेदार है। कांग्रेस सरकार ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के माध्यम से प्रदेश में बनने वाले 16 लाख से अधिक गरीबों का आशियाना छीनने का काम किया है। 24 लाख से अधिक घरों को मोदी जी की नल जल योजना से वंचित रखा गया है। पिछले 4 साल में यहां दुष्कर्म के 6000 से अधिक मामले दर्ज किये गए हैं। 4000 से ज्यादा नाबालिगों के साथ दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए हैं। हाल की एक प्रतिष्ठित पत्रिका के सर्वे के अनुसार लगभग हर पैरामीटर पर बीस राज्यों में से सोलहवें स्थान पर आया है छत्तीसगढ़। कांग्रेस के कुशासन का इस तरह खामियाजा प्रदेश को भुगतना पड़ रहा है।

आह्वान : भाजपा की यह कार्यसमिति जनता का आह्वान करती है कि गंगाजल हाथ में लेकर जन घोषणा पत्र जारी कर सत्ता में आने पर छत्तीसगढ़ की जनता से किए 36 में से एक भी वादे को ढंग से पूरा करने में विफल रही धोखेबाज कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेकें। प्रदेश विरोधी कांग्रेस के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ते हुए छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त कराने का आह्वान यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं से करती है। ●●●

आर्थिक-सामाजिक संकल्प का प्रस्ताव

काम किया है, काम करेंगे

सभी को न्याय, भेदभाव किसी से नहीं, यही भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। अपने इसी सिद्धांत के तहत भाजपा लगातार काम करती रही है। समानता, गरिमा, सम्मान और समावेशिता के सिद्धांत पर आधारित यही कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारत सरकार कर रही है। इसी सिद्धांत पर आधारित कार्य आज भाजपा और राजग की सरकारें कर रही है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण के बाद प्रदेश की पहली निर्वाचित भाजपा सरकार ने भी लगातार पंद्रह वर्ष तक इसी सिद्धांत के आधार पर कार्य किया। पार्टी का स्पष्ट मानना है कि समाज का विकास समाज के सबसे अंतिम पंक्ति पर खड़े आख़िरी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के बाद ही किया जा सकता है। इसी मंशा से कार्य करने पर भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कोरोना आपदा से मुक्त होकर मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत आज विश्व की सबसे तेजी से विकसित अर्थव्यवस्था बन गया है।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
20-21 जनवरी 2023 अंबिकापुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

कृषि और कृषक कल्याण : प्रारम्भिक दौर से ही भाजपा यह मानती रही है कि प्रदेश में मजदूर, किसान, आदिवासी, युवा हमारी प्राथमिकता हैं। उन्हें मुख्यधारा में अधिकाधिक सहभागिता, हर विकास का पहला लाभार्थी इन्हें बना कर ही हम अपने लक्ष्य का संधान कर सकते हैं। कृषि को लाभकारी उद्यम बनाना हमारी ऐसी ही प्राथमिकताओं में से एक रहा है। धान का कटोरा कहे जाने अपने छत्तीसगढ़ में धान ख़रीदी की पारदर्शी व्यवस्था से लेकर किसानों को उचित मूल्य तत्काल मिले, भ्रष्टाचार और लेटलतीफ़ी समाप्त हो, इस दिशा में भाजपा सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए थे जिसकी दुनिया भर में सराहना हुई।

देश में लगातार आठ वर्ष से मोदी जी की सरकार बिना किसी भेदभाव के मिले समर्थन से छत्तीसगढ़ के किसानों में समृद्धि आयी है। भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि इस फसल सत्र में मोदी जी की सरकार द्वारा मिले समर्थन मूल्य से 1 करोड़ मिट्रिक टन धान ख़रीदने में हम सफल हुए हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के दौरान भी मोदी जी की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश की सरकार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई है। प्रदेश द्वारा उपार्जित धान का लगभग सारा चावल केंद्रीय पूल में लेकर समर्थन मूल्य पर धान

ख़रीदी को संभव बनाया है। मोदी जी की सरकार ने इस सत्र में केंद्रीय पूल में निर्धारित चावल के लिए 27,726 करोड़ का भुगतान किया है। इससे पहले के वर्षों में क्रमशः 19,546 करोड़ से लेकर क्रमशः बढ़ाते हुए यहां तक पहुंचा है। सेंट्रल पूल में उपार्जित चावल के धान की कीमत (हैंडलिंग चार्ज के समेत) 2016-17 में 11,100 करोड़, 2017-18 में 10,900, 2018-19 में 10,910, 2019-20 में 19,546, 2020-21 में 10,880, 2021-22 में 27,720 से बढ़ कर 2022-23 में 27,726 करोड़ रुपए को योगदान दिया है। भाजपा कृषि अर्थव्यवस्था के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

गरीब कल्याण : वैश्विक महामारी 'कोरोना' के दौरान दुनिया भर में सबसे अधिक मार गरीबों पर ही पड़ी थी लेकिन मोदीजी के नेतृत्व में भारत में इसके कुशल और प्रभावी प्रबंधन की विश्व भर में सराहना मिली। भारत का सप्लाई चेन दुरुस्त रहने से नागरिकों को इस विषम परिस्थिति में भी मूलभूत सुविधाओं की कमी महसूस नहीं हुई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों तक सीधे अनाज की मुफ्त आपूर्ति, एक विजनरी नेतृत्व में करोड़ों जन धन खाते के माध्यम से अलग-अलग मदों में गरीबों के खाता में सीधे 23 लाख करोड़ की राशि डीबीटी से देकर, कोविड- 19 वैक्सीन के 220 करोड़ टीके लगा कर वास्तव में गरीब कल्याण के ऐसे कार्य हुए जिससे भारत का जन जीवन बेहतर बना। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अप्रैल 2020 में उन लोगों की मदद के लिए शुरू की गई थी, जिनका जीवन कोविड के कारण प्रभावित हुआ था। इसी तरह देश के गरीबों के लिए 8 करोड़ पक्के आवास बनाये गए जिसमें 16 लाख छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिलने पर पूरा होना बचा है। जल जीवन मिशन से 8 करोड़ परिवारों तक स्वच्छ जल की नल से आपूर्ति, उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश की गृहणियों को मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन समेत तमाम योजनाओं से वास्तव में देश-प्रदेश की तस्वीर बदली है। मोदी जी के ऐतिहासिक नेतृत्व में भाजपा स्वयं को छत्तीसगढ़ में गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रखने का पुनः संकल्प व्यक्त करती है।

आदिवासी समाज का विकास, भारत का विकास : भाजपा ने आदिवासी बहुलता के कारण ही छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की। स्थापना के बाद जनादेश मिलने पर लगातार आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा ने सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए। प्रदेश के पहुंच विहीन क्षेत्रों तक में सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य सेवा की बहाली। बस्तर को एजेकेशन हब में बदल देना। गरीबों के लिए चावल, नमक, चना, चरण पादुका, तेंदू पत्ता संग्राहकों को बोनस देने समेत ऐसी दर्जनों योजनाएं उनके विकास में मील का पत्थर बने हैं। मोदी जी की सरकार में जनजातीय समुदायों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। आदिवासी कल्याण बजट पिछले आठ वर्षों में तीन गुना से अधिक हो गया है। जनजातीय छात्रों के लिए विशेष रूप से विकसित एकलव्य मॉडल स्कूलों का बजट 278 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,418 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं, आदिवासी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के लिए धन आवंटन भी 978 कटरोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,546 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

सांस्कृतिक समृद्धि से समाज कल्याण : पिछले आठ वर्षों के दौरान हमने एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक पुनरुद्धार देखा। श्री अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरी गति से चल रहा है। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर ने भारत की सांस्कृतिक राजधानी को पुनर्जीवित किया है। सोमनाथ में विकास कार्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। हिमालय में केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण। केदारनाथ-बद्रीनाथ तीर्थ क्षेत्र का सतत विकास किया जा रहा है। उज्जैन में भव्य महाकाल लोक का उद्घाटन हुआ, जो हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति का केंद्र बिंदु रहा है और की भव्यता के एक नए युग का सूत्रपात कर रहा है। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने संकल्प पर दृढ़ और अडिग है।

सबका साथ-सबका विकास : भारत की विकास गाथा में मध्यम वर्ग का योगदान बहुत अधिक है। मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए कई पहल की गई हैं। हार्ट स्टेंट अब 85% तक सस्ते हो गये हैं, जिससे मरीजों की 46 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। इसके अलावा घुटने के प्रत्यारोपण की लागत में 69% की कमी से जनता के 1500 करोड़ रुपये बचे हैं। देश भर में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए 9 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर 800 से अधिक दवाएं बेहद कम कीमत पर उपलब्ध हैं। 16 करोड़ से अधिक गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को 7 लाख 74 हजार करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। आवास ऋण पर अधिकतम कर कटौती को 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि आयकर की घाटा 80 के तहत आवास ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये की गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक प्रतिमान बदलाव है। इसके तहत प्रदेश में छत्तीसगढ़ी समेत सभी मातृभाषाओं में शिक्षा का प्रावधान। प्रदेश की भाषाओं और संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अपनी भाषा में शिक्षा पा कर हमारे छात्रों की प्रतिभा को और अधिक आसमान मिलेगा।

वोकल फॉर लोकल : स्थानीय कौशल और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करेगा, रोजगार और आय सृजन में मदद करेगा। स्टार्ट-अप और इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना के लिए मानदंडों को आसान बनाकर युवा उद्यमियों को मदद की जा रही है। युवा उद्यमियों के लिए कर में छूट एक स्वागत योग्य कदम है। मोदी जी के प्रयत्न और उनके विजन से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस वर्ष को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। इससे हमारे कोदो, कुटकी, रागी, बाजरा आदि फसलों को भी वैश्विक पहचान मिलेगी। गरीबों के उत्थान की हमारी नीतियां भारत रत्न बाबा साहब भीमराव रामजी अम्बेडकर से भी बड़ी प्रेरणा लेती हैं। उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए भाजपा सरकार ने उनके जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है।

संकल्प : भारतीय जनता पार्टी भारत के इस अमृत काल के दौरान लोगों को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने और जनता की समृद्धि, नागरिकों की समानता और सभी के लिए न्याय के साथ एक नया भारत बनाने के अपने प्रयास में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन और मजबूती देने का संकल्प लेती है। ●●●

प्रदेश कार्यसमिति बैठक का वक्तव्य

डबल इंजन सरकार से ही छत्तीसगढ़ में भी संभव है गरीब कल्याण

अन्त्योदय और राष्ट्रवाद, यही भाजपा के लिए उसके मार्गदर्शक सिद्धांत रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'एकात्म मानव दर्शन' हमें यह मार्ग दिखाता है कि हम गरीबों को नारायाण समझें, उनके पांव की फटी बिवाई भरें और गरीबों के लिए पक्के मकान समेत जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को उन तक सहज और सरल आपूर्ति सुनिश्चित हो। पंडित जी की इन्हीं भावना के अनुरूप केंद्र में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश के 16 राज्यों में भाजपा और राजग की सरकारें भी इसी विचारधारा के अनुरूप, मोदी जी द्वारा दिए मूलमंत्र 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास' को अपना कर लगातार कार्य कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
20-21 जनवरी 2023 अंबिकापुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

वैश्विक महामारी कोविड-19 के कठिन समय में मोदी जी द्वारा 'आपदा में अवसर' का आह्वान करते हुए 20 लाख करोड़ के 'आत्मनिर्भर भारत' पैकेज और 1.70 लाख करोड़ के 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' की घोषणा की गयी। इसके तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों तक मुफ़्त चावल/गेहूं और चना का वितरण समेत अन्य तमाम योजनायें संचालित की गयी। 220 करोड़ कोविड के टीके मुफ़्त लगाए जा चुके हैं। 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का मुद्रा लोन, 10 करोड़ गरीब परिवारों को पांच लाख तक की मुफ़्त चिकित्सा की आयुष्मान योजना, 12 करोड़ किसानों तक 6 हज़ार रुपए सालाना की सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना एक तहत अब तक 3 करोड़ पक्के मकान बनाए गए हैं। ऐसी तमाम योजनाओं की आशातीत सफलता ने वास्तव में विश्व में भारत की छवि तेज़ी से विकसित होते एक अत्यधिक लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में सुदृढ़ हुई है।

केंद्र की इन तमाम योजनाओं को अंगीकार कर, भाजपा की विचारधारा के अनुरूप पार्टी और गठबंधन शासित राज्यों ने सामाजिक न्याय और गरीबी उन्मूलन की दृष्टि से बेहतरीन कार्य किया है। लेकिन, किसी प्रदेश में विपक्षी दलों की सरकार होने से क्या समस्या होती है, उसका ज्वलंत उदाहरण 'छत्तीसगढ़' है। केंद्र की सरकार लगातार तमाम योजनाओं को

छत्तीसगढ़ के लिए भी लागू करती है। बिना किसी भेदभाव के लिए राशि का आवंटन भी होता है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार में न केवल तमाम योजनाओं को भ्रष्टाचार का शिकार बना राशि की बंदरबांट कर ली जाती है बल्कि भाजपा से दुराग्रह रखने के कारण प्रदेश में उन योजनाओं को लागू करने में लगातार रोड़े अटकाए जाते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वतंत्रता के अमृत काल में देश के हर परिवार को पक्के मकान का लक्ष्य सामने रखते हुए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' की शुरुआत की। इस महत्वाकांक्षी योजना से जहां नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह योजना अमृत की तरह जीवनदायिनी साबित हुआ है। लेकिन सिंगल इंजन की सरकार होने के कारण छत्तीसगढ़ ने इसे लागू करने में लगातार अवरोध उत्तपन्न करते हुए 16 लाख से अधिक गरीबों के सर से छत छीन लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस मामले में साफ कहना था कि क्योंकि इस योजना में 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़े होने के कारण वे राज्यांश नहीं देंगे। यहां तक कि इस दुराग्रह का विरोध करते हुए कांग्रेस के ही विभागीय मंत्री ने इस्तीफा भी दे दिया लेकिन बघेल सरकार के कारण यहां गरीब अपने आवास से वंचित हैं। पक्के आवास की प्रतीक्षा में लोगों का जीवन संकट में है जैसा कांकेर में एक ही परिवार के पांच व्यक्तियों की कच्चे घर गिरने से दुखद मृत्यु हो गयी, वे इस आवास की प्रतीक्षा सूची में थे। देश के करोड़ों लोगों तक स्वच्छ पेय जल पहुचाने की योजना में भी ऐसी ही हठधर्मिता का परिचय देते हुए कांग्रेस ने जल जीवन मिशन का भी बंटाधार किया है।

इसी तरह विश्व भर में चर्चित 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' जिसके माध्यम से देश के 81.35 करोड़ लोगों को मुफ़्त खाद्यान्न वितरण किए जा रहे हैं। कोरोना जैसे संकट के समय इस योजना ने अन्नपूर्णा का काम किया है, उस योजना में भी छत्तीसगढ़ में 5 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक का भ्रष्टाचार सामने आया है। ऐसी हर योजना में विकास को रफ़्तार पर सिंगल इंजन वाली राज्य सरकार ब्रेक लगा देती है। बात चाहे 220 करोड़ कोविड टीके लगाने का हो या फिर आयुष्मान योजना का जिसका उद्घाटन मोदी जी ने छत्तीसगढ़ से जांगला से किया था, हर मामले में लगातार रोड़े अटकाने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है।

केंद्र की योजना को सही तरह से लागू नहीं किए जाने के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था का भी बुरा हाल यह है कि मात्र तीन वर्ष में छत्तीसगढ़ में केवल आदिवासी क्षेत्रों में 25 हज़ार से अधिक बच्चों की पोषण और चिकित्सा के अभाव में अकाल मृत्यु हुई है। जबकि विश्व की सबसे बड़ी चिकित्सा बीमा योजना पर भी कांग्रेस महज़ राजनीति ही करती रही। आज अनेक प्रतिष्ठित सर्वेक्षणों में स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा समेत सभी संकेतकों में अगर छत्तीसगढ़ सबसे नीचे किसी स्थान पर है तो महज़ इसलिए क्योंकि यहां डबल इंजिन की सरकार नहीं है और पूर्वाग्रहग्रस्त कांग्रेस की रुचि केवल विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय देने की है। भाजपा का यह स्पष्ट मानना है कि छत्तीसगढ़ में भी इस बार डबल इंजिन की सरकार बन जाने के बाद प्रदेश भी पूर्ववत गरीब कल्याण के राजमार्ग पर तेज़ी से अग्रसर होगा। ●●●



वक्तव्य : भारत की G20 अध्यक्षता

भारत के लोकनायक और विश्व के सबसे सशक्त नेता के रूप में उभरे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सत्ता सम्हालने के बाद से विश्व में भारत की छवि लगातार अधिक मज़बूत होकर सामने आया है। वैश्विक महामारी कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों में भी भारत आज दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। हिंदुस्थान एक बार फिर से विश्वगुरु के पद पर अधिष्ठित हुआ है। यह वर्ष भारत के लिए अत्यधिक विशेष रहा जब उसे एक साथ अनेक वैश्विक मंचों पर प्रमुख भूमिका निभाने का अवसर मिला है। जी 20 की अध्यक्षता, शंघाई सहयोग परिषद का भी प्रमुख होने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी भारत को अध्यक्षता मिला है। क्वाड का गठन, जी-7, ब्रिक्स जैसे मंचों पर भी सशक्त उपस्थिति ने भारत को विश्व में एक ऐसा सुदृढ़ स्थान प्रदान किया है जितना इससे पहले कभी नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
20-21 जनवरी 2023 अंबिकापुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

भारत का जी-20 का अध्यक्ष होना खास तौर पर उल्लेख करने लायक उपलब्धि है। यह महत्वपूर्ण संगठन दुनिया के 20 प्रमुख

अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। यह विश्व के जीडीपी का 85 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत है। जी-20 विश्व के 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। इस समूह के भारत के अध्यक्षता काल में देश में अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन भी बैठक में भाग लेंगे। भारत ने 9 देशों को भी यहां इस दौरान आमंत्रित किया है। अध्यक्षता का यह अवसर दुनिया को भारत की ताक़त, उसका विकास और समृद्धि से परिचय कराने का भी है। इस दौरान देश के पचास मुख्य शहरों में 200 बैठकें प्रस्तावित है। भारत की अध्यक्षता का थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' होना वास्तव में विश्व में भारत की पौराणिक और सांस्कृतिक थाती को उसके नए स्वरूप में प्रस्तुत करने जैसा होगा।

जी-20 लोगो, पृथ्वी ग्रह को कमल के ऊपर रखता है, जो आध्यात्मिकता, धन और ज्ञान का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय पुष्प है। लोगो के रंग - केसरिया, हरा, सफेद और नीला - हमारे राष्ट्रीय ध्वज से लिए गए हैं। लोगो भारत के 'वसुधैव कूटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य' - महा उपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है और सभी मानवीय मूल्यों की पुष्टि करता है। अपनी पौराणिक नींव पर हिंदुस्थान में लोकनायक नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जैसा अद्भुत निर्माण किया है, उससे दुनिया को परिचय कराने का यह अवसर हमारे लिए गर्व का विषय है।

छत्तीसगढ़ भाजपा की यह कार्यसमिति अपने नेता नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन करती है कि इस समुंह की एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ को चुना है। प्रदेश के लिए यह बड़ा अवसर होगा जब यहां की समृद्ध संस्कृति और जन जीवन से दुनिया के लोग परिचित होंगे। इस समूंह की मेज़बानी करना हमारे लिए निस्संदेह गौरव की बात है। इस दौरान विकासशील देशों के सैकड़ों प्रतिनिधि हमारे राज्य की विविधता भरी संस्कृति से अवगत होंगे,साथ ही साथ निवेश के अवसर भी तलाशेंगे।

छत्तीसगढ़ के लिए विशेष तौर पर एक और महत्वपूर्ण बात है कि भारत की पहल पर वर्ष 2023 को International Year of Millets के रूप में मनाया जाएगा। यह सभी G20 आयोजनों में हमारे अपने बाजरा व्यंजनों को शामिल करने में परिलक्षित होगा। छत्तीसगढ़ कोदो-कुटकी, बाजरा समेत अनेक पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक मोटे अनाज का उत्पादन करता है। इस अध्यक्षता से निस्संदेह प्रदेश के मोटे अनाज को एक बड़ी पहचान और साथ ही एक बड़ा बाज़ार भी मिलेगा। विश्व भर से आए अतिथियों को हमारे अनाजों से परिचित होने का अवसर देने के लिए भी केंद्र सरकार का अशेष अभिनंदन।

जी-20 हमें Make in India और Vocal For Local जैसी विकासात्मक पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। विभिन्न बैठकों के लिए उपहार One District One Product पहल से प्राप्त किए जाएंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत के लिए एक स्वर्णिम अध्याय है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' के ध्येय वाक्य पर अग्रसर भारत अब विश्व के उन 20 सशक्त देशों का प्रतिनिधित्व करने जा रहा है,जो आने वाले समय में विश्व की समग्र विकास में अहम योगदान देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत की बढ़ती साख हमें भविष्य में ऐसे कई और गौरवान्वित करने वाले अवसर प्रदान करेगी। सदियों तक गुलामी और विभाजन की यातनाएं झेलने वाला भारत एक बार पुनः विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। ●●●

जनजाति अधिकार महासम्मेलन में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने शंखनाद

भूपेश सरकार आदिवासी शोषण करने वाली सरकार हैः कुलस्ते

आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाकर मोदी जी ने सम्मान बढ़ायाः साव

सरगुजा से सीएम बनाने के नाम पर भ्रमित कर वोट लिया गयाः डॉ. रमन

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद सरगुजा संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में आयोजित जनजाति अधिकार रैली में भाजपा ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार जनजाति समाज का हक छीन रही है। उनकी संस्कृति मिटाने के लिए धर्मांतरण को संरक्षण और बढ़ावा दे रही है।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित जनजातीय अधिकार महा सम्मेलन केंद्रीय कोयला एवम उद्योग राज्य मंत्री फगन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य,भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार आदिवासियों के साथ शोषण व अन्याय करने वाली सरकार है, अपने 4 वर्ष के कार्यकाल में भूपेश सरकार ने आदिवासियों के लिए ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिसे वह गिना सके, उन्होंने कहा आदिवासियों के अधिकारों को लेकर चल रहे आंदोलन को और तेज करने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की रमन सरकार ने अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में जनजाति वर्ग के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में आदिवासी बाहुल्य गांव को सड़कों से जोड़ने का काम अटल बिहारी बाजपेयी व डॉक्टर रमन सिंह ने ही किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जिससे जनजाति समाज गौरवान्वित हुआ।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि 75 लाख परिवार को एक रुपए किलो में 35 किलो चावल देने की योजना इस लिए बनी ताकि हमारे आदिवासी भाई बहन कोई भूखा ना सोए,

आदिवासी सरगुजा अंचल में सड़क पानी बिजली के साथ-साथ नक्सलवाद भी बड़ी समस्या थी, लोग गांव छोड़कर भागने लगे थे। हमारी सरकार ने नक्सलवाद को खत्म कर सरगुजा के विकास को गति दी, आगे उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार गरीबों का हक छीनने वाली सरकार है, गरीबों का चावल खाने वाली सरकार है, अब इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। टी एस सिंह देव पर कटाक्ष करते हुए आगे उन्होंने कहा कि सरगुजा में मुख्यमंत्री बनने के नाम पर पिछली बार आदिवासी वर्ग को भ्रमित करके वोट लिया गया, और बाद में राजा को भूपेश बघेल ने ऐसा झटका दिया कि वो अब चुनाव लड़ने से भी पीछे हट रहे हैं।

इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारत के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर इस समाज की बेटी को बैठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज का गौरव बढ़ाया है, आदिवासी समाज के जीवन में परिवर्तन लाने का काम केवल भाजपा कर रही है, कांग्रेस ने आदिवासी समाज को अशिक्षा, गरीबी तथा भुखमरी दे कर केवल उनका शोषण, उपेक्षा और अपमान किया है ऐसी कांग्रेसी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 12 जनजाति जो 40 वर्षों से अपने लिए आरक्षण की मांग कर रही थी उन्हें आदिवासियों की सूची में शामिल कर न्याय दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है, आगे उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी वर्ग की बेटी को राष्ट्रपति बनाकर जनजाति समाज को गौरव प्रदान करते हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस की भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ की हजारों आदिवासी महिला स्व सहायता समूह से रेडी टू ईट का रोजगार छीन कर उन्हें खून के आंसू रूला रही है, ऐसी तानाशाह सरकार का जाना तय है।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि जहां विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा गांव, गरीब, किसान, मजदूर और आदिवासी वर्ग की हितैषी पार्टी है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सरकार के मंत्री जनजाति समाज के व्यक्ति की जमीन भी हड़पने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के एक मंत्री ने अपने बेटे के नाम पर जशपुर जिले में कोरवा समाज की 25 एकड़ भूमि कर ली थी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम में कहा कि आज जनजातीय अधिकार सम्मेलन में आदिवासी वर्ग अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए आया है, जब तक छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार है तब गांव गरीब आदिवासी वर्ग का कोई सुनवाई नहीं होगा, इसलिए हमें इस सरकार को बदलना होगा।

कार्यक्रम को पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर, सांसद दिनेश कश्यप, सांसद गोमती साय तथा पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदीप नारायण सिंह दीवान के नेतृत्व में कोरवा समाज से सैकड़ों लोगों ने भाजपा प्रवेश किया साथ ही आदिवासी नेता धर्मजीत सिंह ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम व महामंत्री सत्यनारायण सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री केदार कश्यप लता उसेंडी महेश गागड़ा भैयालाल राजवाड़े संजय श्रीवास्तव ज्योति आनंद दुबे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, बाबूलाल गोयल, ओम प्रकाश जयसवाल, अनिल गुप्ता, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केसरवानी सहित बड़ी संख्या में जनजाति समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ●●●

प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा को मिले 3 लाख 50 हजार आवेदन, आंदोलन की रणनीति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव ने राजनांदगांव में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, अब प्रदेश की जनता कांग्रेस की इस भ्रष्ट ,अराजक वादा खिलाफ सरकार से मुक्ति चाहती है और भाजपा जनता के इस संकल्प को पूरा करने दिन रात जुटी है।

श्री साव ने पार्टी के कार्यों की जानकारी देते बताया कि कांग्रेस हटाओ, छत्तीसगढ़ बचाओ*अभियान के तहत लोकसभा प्रवास के दौरान भाजपा नेताओं ने 66 विधानसभा में कार्य पूर्ण कर लिया है ।

इन कार्यक्रमों में विधानसभा स्तर पर एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आम जनों ने सहभागिता दी।

केंद्र सरकार की महती योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क भी किया गया है कार्यकर्ताओं एवम जनप्रतिनिधियों के साथ भेट कार्यक्रम भी किया गया तथा विधानसभा स्तर पर प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी कार्ययोजना भी बनाई गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं के निवास पर भोजन किया व सामाजिक लोगों से मिलकर स्थानीय मुद्दों की पहचान भी की गई है। इस तरह जहां कांग्रेस के नेता सत्ता का दुरुपयोग कर छत्तीसगढ़ का खजाना लूट कर विलासिता का जीवन जी रहे है वही भाजपा नेता जनता के बीच उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज के साथ किया धोखा, दिल्ली में सीएम ने ईसाई मशीनरी के लोगों को सुरक्षा का आश्वासन दिया और छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज को पिटवाया, जनता भूलेगी नही

मोर आवास मोर अधिकार

देश के वंचित वर्ग के व्यक्ति को उनका खुद का मकान मिले इसके लिए माननीय नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की।

2015 से योजना प्रारंभ होने के 3 वर्ष यानी 2018 तक छत्तीसगढ़ में छह लाख से

अधिक मकानों का निर्माण हुआ प्रत्येक गांव में 60 से लेकर 200 तक मकान बनाए गए। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार आने के बाद 60 हजार करोड़ से ऊपर के कर्ज लेने के बावजूद गरीबों के स्वयं का मकान बनाने का कार्य बंद हो गया है।

प्रदेश के लगभग 16 लाख प्रधानमंत्री आवास राज्य की भूपेश बघेल सरकार के राज्यांश न मिलने के कारण बंद पड़े है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण के विषय में कांग्रेस सरकार के पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव जी ने बकायदा पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को पुनः याद दिलाते हुए, इस विषय पर अपनी सरकार की विफलता पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के असहयोगात्मक रवैये के कारण इस्तीफा दे चुके है। भूपेश बघेल जी राजनीतिक द्वेष के कारण इस्तीफा स्वीकार कर चुके है परंतु आम गरीब के अधिकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ा रहे है।

जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर जनता से मिलकर उनकी परेशानियों की जानकारी एकत्र कर रहीं है। भाजपा छत्तीसगढ़ के 11 हजार ,पंचायतों में से 4,993 तक पहुंची है जिसमें लगभग 3 लाख पचास हजार प्रभावितों ने प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन दिए हैं। यह कार्य अभी जारी है और भाजपा 11 हजार पंचायतों तक पहुंचकर प्रभावितों से आवेदन प्राप्त करेंगे।

शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर के कार्यक्रम की योजना बनाई गई है । भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास गरीबों को दिलाने के लिए पदयात्रा करेगी और विधानसभा क्षेत्र में विधायकों का घेराव किया जाएगा।

परीक्षा पे चर्चा

युवा छात्रों को परीक्षा से होने वाले भय एवं तनाव से मुक्त करने माननीय प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा पर चर्चा का निर्णय लिया है इस हेतु एक कार्यक्रम 27 जनवरी 2023 को आयोजित है।इससे हेतु भी रूपरेखा बनाई गई।

जी20

गर्व की बात है भारत देश के मा.प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी20 की अध्यक्षता कर रहा है ।छत्तीसगढ़ राज्य में भी एक बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है विदेश से आए लोगो को छत्तीसगढ़ की संस्कृति,सभ्यता और ताकत देखने का अवसर मिलेगा।छत्तीसगढ़ का नाम पूरे विश्व में फैलेगा और पूरे विश्व में एक ही नारा गुजेगा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। इसके लिए हम मा.प्रधानमंत्री का कोटि कोटि धन्यवाद करते है उन्होंने सदैव छत्तीसगढ़ प्रदेश को आगे बढ़ाने अपना सम्पूर्ण सहयोग दिया है ।

प्रदेश के लगभग 16 लाख प्रधानमंत्री आवास राज्य की भूपेश बघेल सरकार के राज्यांश न मिलने के कारण बंद पड़े है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण के विषय में कांग्रेस सरकार के पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव जी ने बकायदा पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को पुनः याद दिलाते हुए, इस विषय पर अपनी सरकार की विफलता पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के असहयोगात्मक रवैये के कारण इस्तीफा दे चुके है।

शक्ति केंद्र

भाजपा पदाधिकारियों ने एक ही दिन में राजनांदगांव के 4 विधानसभा क्षेत्रों के 165 शक्ति केंद्रों में 150 शक्ति केंद्रों में जाकर वहां शक्तिकेंद्र प्रमुख, सयोजक, सहसयोजक बूथ अध्यक्ष गण से मिलकर विभिन विषयो पर चर्चा कर बूथ स्तर पर चुनावी तैयारियों को मजबूत किया गया है।शक्ति केंद्रों में आए लोगो में भूपेश सरकार की वादाखिलाफी,शराबबंदी,सड़को की खराबी ,आवास और अन्य कई समस्याओं की जानकारी भी दी।

धर्मांतरण

प्रदेश में कांग्रेस राज में धर्मांतरण अपनी चरम सीमा को लांघ चुका है आदिवासी समाज के लोग जो अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे है सरकार उन्हे न्याय देने की जगह उनके साथ मारपीट करवा रही है गिरफ्तार करवा रही है।आदिवासी समाज का उत्पीड़न हो रहा है भाजपा आदिवासी समाज के साथ इस लड़ाई में कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है।

बस्तर का आदिवास, वनवासी समाज आज अशांत है, बस्तर अंदर ही अंदर एक ज्वालामुखी का रूप ले रहा है कांग्रेस सरकार को सुकमा एसपी,और वहां के कमिश्नर ने साफ शब्दों में धर्मांतरण की जानकारी दी, लेकिन सरकार ने कुछ नही किया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष जो जनजाति समाज के प्रमुख रहे हैं उन्हे डंडे से पीटकर, उनकी पगड़ी उछाली। बस्तर बंद रहा। हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं कांग्रेस सरकार आदिवासी समाज की संस्कृति खत्म करने पर आमदा है।भाजपा ये होने नही देगी।

श्री साव ने कहा बड़े आश्चर्य की बात है यह प्रदेश जो आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है उन्हे प्रताड़ित करने का काम यह सरकार कर रही है और खुलेआम ईसाई मशीनरी की धर्मांतरण करने वाले लोगों की संरक्षक बनी हुई है। मुख्यमंत्री बघेल सोनिया गांधी के आदेश पर स्वयं दिल्ली में ईसाई मशीनरी के लोगों से मिलते हैं और अपने ऑफिशियल अकाउंट से ट्वीट कर बताते हैं वो उनके साथ हैं ये आदिवासी समाज के जख्मों में नमक छिड़कने वाली बात है भाजपा इसे बर्दाश्त नही करेगी। ●●●

इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को जीतने की तैयारी करें: नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 16 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में दो दिवसीय भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन दीप प्रज्वलन और प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुआ। इससे पहले, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक भव्य रोड शो में भाग लिया, जो उनके सम्मान में आयोजित किया गया था। श्री नरेन्द्र मोदी के सभा स्थल पर पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने उनका भव्य स्वागत किया। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने इन कार्यक्रमों और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के अध्यक्षीय अभिभाषण पर मीडिया को जानकारी दी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 2023 की चुनावी गतिविधियों और 2024 के आम चुनाव के महत्व पर जोर दिया और पार्टी संगठन से सभी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यहां हम अपने सुधी पाठकों के लिए संबोधन की प्रमुख बातें प्रकाशित कर रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने प्रेरक संबोधन में पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सभी पड़ावों को पार करने और नौ राज्यों में होने वाले चुनावों को जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाया

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन 17 जनवरी, 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल सर्वसम्मति से जून, 2024 तक बढ़ाया गया।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। पार्टी के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को भाजपा के लिए जनादेश में बदला है। श्री शाह ने कहा, "उनके नेतृत्व में भाजपा को 2024 में एक मजबूत जनादेश मिलेगा और मोदीजी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।"

दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य साधना है: नरेन्द्र मोदी

भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 16-17 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में संपन्न हुई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों को बताया कि अपने समापन और प्रेरणादायी संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से चुनावी परिणाम की चिंता किये बिना समाज के हर वर्ग, विशेष तौर पर अल्पसंख्यक समाज जैसे बोहरा, पसमांदा और सिख तक पहुंचने का आह्वान किया। हम अपने सुधी पाठकों के लिए प्रधानमंत्रीजी के भाषण की प्रमुख बातें प्रकाशित कर रहे हैं:

भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के समापन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक व्यापक पहुंच बनाने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बचे 400 दिनों में सक्रियता से कार्य करने का भी आह्वान किया।

भाजपा प्रतिनिधियों को यह याद दिलाते हुए कि 2024 के लोकसभा चुनावों में लगभग 400 दिन शेष हैं, श्री मोदी ने उनसे समाज के हर वर्ग की सेवा पूरे समर्पण के साथ करने को कहा। प्रधानमंत्रीजी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है और पार्टी को खुद को देश के विकास के लिए समर्पित करना चाहिए और 2047 तक यानी 'अमृत काल' की 25 वर्षों की अवधि को 'कर्तव्य काल' में बदलना चाहिए।

प्रधानमंत्रीजी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है और 'हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए।' भाजपा सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को बदलने का काम कर रही है। भाजपा अब केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं है, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है जो सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को बदलने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्रीजी ने भाजपा नेताओं से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से मिलने और उनसे जुड़ने के लिए विश्वविद्यालयों और चर्चों जैसे स्थानों पर जाने को कहा। उन्होंने पार्टी को अति आत्मविश्वास की किसी भी भावना के प्रति आगाह किया और दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की अलोकप्रियता के बावजूद 1998 में मध्य प्रदेश में भाजपा की हार का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्रीजी ने सभी समुदायों के समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने पर जोर दिया। श्री मोदी ने पार्टी को यह भी सलाह दी कि वह अपने विभिन्न मोर्चों के विभिन्न कार्यक्रम विशेष रूप से सीमावर्ती गांवों में आयोजित करे ताकि पार्टी वहां के लोगों से अधिक से अधिक जुड़ सके और यह सुनिश्चित हो सके कि सरकार की विकास योजनाएं उन तक सही से पहुंचे। ●●●

बूथ जीता तो चुनाव जीताः जम्वाल

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव 2023 तैयारी की दृष्टि से क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अजय जम्वाल जी एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्री पवन साय जी का प्रवास प्रदेश के विधानसभाओं में हो रहा है। इसके पहले सभी संभाग स्तर पर पांचो संभाग में बैठक संपन्न हो गई है। विधानसभा अनुसार बैठक 45 विधानसभाओं में संपन्न हुई है। बैठक में भाजपा के शक्तिकेंद्र स्तर के पदाधिकारियों को अपेक्षित किया जाता है इसमें शक्तिकेंद्र के प्रभारी, शक्तिकेंद्र के संयोजक एवं संयोजक विशेष रूप से उपस्थित रहते हैं। इस बैठक में कार्यकर्ताओं का परिचय, भाजपा के बूथ स्तर के छः कार्यक्रम की जानकारी एवं आगामी निर्धारित कार्यक्रमों की सुचना प्रदेश संगठन मंत्री जी द्वारा दिया जाता है।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी भाजपा संगठन की मजबूती प्रदान करने हेतु बताते है की "बूथ जीता तो चुनाव जीता" एवं "अपना बूथ सबसे मजबूत"। बूथ को सशक्त करने हेतु दो महत्वपूर्ण कार्य बताते हैं, पहला काम, मंडल अध्यक्ष अपने सभी शक्तिकेंद्र के त्रिदेव (शक्तिकेंद्र के प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक) की बैठक बुलायें एवं बूथ स्तर पर 24 बिन्दुओं की पत्रक को बूथ स्तर पर पुरा करने के लिए बूथ की टीम के साथ बैठक की योजना बनाने के निर्देश दें। फिर शक्तिकेंद्र के त्रिदेव अपने यहाँ के सभी बूथ की टोली के साथ बैठक कर 24 बिन्दुओं के पत्रक को पूरा करने के लिए बूथ की कमिटी के साथ बैठकर पूरा कराएँ।

दूसरा काम, बूथ स्तर की कमिटी अपने सभी सदस्यों के साथ बैठक करें एवं अपने बूथ के सभी घरो को चिन्हांकित कर घरों का बंटवारा करें। बूथ पर आने वाले सभी घरों में संपर्क करें। घरों में जाकर उनसे केंद्र की योजना की जानकारी लेनी है प्रमुख योजना जो प्रत्येक नागरिक को मिला है वो है "टीकाकरण अभियान" एवं "खाद्यान योजना" इस योजना से सभी को लाभ हुआ है रजिस्टर में परिवार के मुखिया की जानकारी लिखें फिर परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी लिखे। परिवार में मिलने वाले सभी योजना की जानकारी क्रमशः लिखे उनका मोबाइल नंबर, पता जरुर लिखें। बूथ पर संपर्क के पश्चात् जानकारी एकत्र करके मंडल एवं मंडल के बाद जिला फिर प्रदेश में जमा करें।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी विधानसभा अनुसार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने के लिए बताते है एवं उनसे समय समय पर भेंट मुलाकात करते रहें तथा कार्यक्रमों की सुचना जरुर दें। भाजपा संगठन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की वदौलत ही बढ़ी है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में 15 वर्षो तक अनगिनत काम किये है। केंद्र भाजपा की सरकार भी जनहित में अनेक काम कर रही है इससे ओतप्रोत होकर कोई भी भाजपा में प्रवेश करना चाहता हो तो अपना दरवाजा हमेशा खुला रखें। नए लोगों के आने से भाजपा संगठन और मजबूत होगा पार्टी की जनाधार बढ़ेगी। ●●●

महादेव एप के नाम से करोड़ों का लेन-देन किसके संरक्षण में हो रहा सबको पता है: मूणत

पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि प्रदेश में महादेव एप के नाम पर अरबों रुपए लेनदेन किसके संरक्षण में हो रहा है यह सबको पता है। अरबों रुपए का लेन देन, गरीबों परिवार के लोगों के खातों में ट्रांसफर करके किया जा रहा है। ये ऐसे व्यक्ति है तो कभी बैंक नहीं गए उनके खातों में अरबों रुपए का लेन-देन किया गया। उन्होंने कहा कि अरबों रुपए के लेन-देन के पीछे कौन है यह समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से कई बार उजागर भी किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्ग-भिलाई में कई बार उन लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई है। टीम ने जब छापा मारा तो लोग कहते है कि महादेव एप चलाने वाले विदेश चले गये है, व वह अन्ना एप में परिवर्तित हो गया है। उन्होंने कहा कि महादेव एप का संचालन करने वालों का नाम समाचार पत्रों एवं भाजपा के द्वारा अनेकों बार उजागर, किया गया। अरबों रुपए के लेन-देन एवं इसके दुरुपयोग में छत्तीसगढ़ के प्रभावशाली लोगों सहित कई लोगों की संलिप्तता है।

यह मोदी जी की देन है कि राहुल लाल चौक में झंडा फहरा पाये : ओपी चौधरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा फहराने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अकारण आलोचना करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित पूरी कांग्रेस को मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए कि उनके मुखिया राहुल गांधी श्रीनगर में तिरंगा फहरा पाए। यह आज का भारत है, जिसमें कश्मीर में कोई भी तिरंगा फहरा सकता है। जहां हमारे आदर्श डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शहीद हुए थे, उस कश्मीर को मोदी जी ने देश के सभी लोगों के लिए खोल दिया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस के नेता श्रीनगर कश्मीर जाने से थरथर कांपते थे। तिरंगा फहराना तो दूर की बात है, वहां जाकर तिरंगा फहराने की सोच भी नहीं सकते थे। राहुल पहले कभी यूपीए सरकार में कश्मीर जाकर श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा नहीं फहरा सके। क्योंकि उनके पिताश्री के नानाजी ने कश्मीर को व्यावहारिक रूप से भारत से तोड़ रखा था। जब मोदी जी ने इसे जोड़ दिया तब अब राहुल गांधी ने अपनी तथाकथित भारत जोड़ो यात्रा में वहां पर तिरंगा फहराया है।

भूपेश सरकार का सूचना तंत्र फेल : देवलाल

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने राज्य सरकार के एनएसए लागू करने के आदेश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को 4 साल बाद आखिर क्यों एनएसए कानून को अमल में लाने की जरूरत पड़ रही है। कहीं न कहीं छत्तीसगढ़ सरकार यह मान रही है कि उसका सूचना तंत्र कमजोर है और वर्ग संघर्ष की घटनाओं को रोकने में यह सरकार अक्षम रही है।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति पर चोट हो रही है, उनकी अस्मिता संकट में है, मारपीट कर जबर्दस्ती धर्मांतरण हो रहा है। जबरिया धर्मांतरण का विरोध करने वाले आदिवासियों पर भूपेश बघेल की पुलिस डंडे बरसा रही है। इस पर भी भूपेश बघेल को संतुष्टि नहीं मिली तो ऐसे समय में भोले भाले आदिवासियों को साल भर के लिए जेल भेजने यह कानून आ रहा है। मुख्यमंत्री और कांग्रेस की सरकार स्पष्ट करे कि क्या धर्मांतरण कराने वालों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर रहे हैं।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि यह साफ जाहिर है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की राजमाता और मिशनरियों के दबाव में आदिवासी समाज के विरुद्ध दमनचक्र चला रहे हैं। जबकि आदिवासी समाज सांप्रदायिकता नहीं फैलाता, वह अपने समाज, अपनी संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। भूपेश बघेल आदिवासी समाज से उसके अस्तित्व की रक्षा का अधिकार छीन रहे हैं। आदिवासी समाज इस षड्यंत्र के सामने कभी झुकने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री उन पर कार्रवाई करें, जो आदिवासी समाज को तोड़ने के लिए धर्मांतरण करा रहे हैं।

धान खरीदी का सारा पैसा केंद्र का: अरुण साव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कांग्रेस द्वारा धान खरीदी का जश्न मनाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जश्न मनाने का अवसर देने के लिए कांग्रेस मोदी सरकार को धन्यवाद दे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसान हितैषी नीति के कारण छत्तीसगढ़ के किसानों की धान का सारा चावल केंद्र सरकार खरीद रही है और सम्पूर्ण व्यय का भुगतान कर रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस धान खरीदी का जितना चाहे, जश्न मनाए लेकिन केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने की नैतिक जिम्मेदारी को दरकिनार कर वह श्रेय की राजनीति कर रही है तो हर किसान को मालूम है कि भूपेश बघेल मुफ्त का चंदन घिस रहे हैं और केंद्र सरकार ही किसानों को उनका हक दे रही है।

राज्य सरकार धान की खरीदी एक एजेंसी के रूप में कर रही है। 92 लाख मीट्रिक टन धान से बना हुआ चावल केंद्र सरकार खरीदेगी जिसमें समर्थन मूल्य, ट्रांसपोर्टेशन, बारदाना, कमीशन सूखत यह सब मिलाकर लगभग 22 हजार करोड़ रुपए का भुगतान केंद्र सरकार करेगी जबकि कुछ करोड़ रुपए का भुगतान राज्य सरकार करेगी। ऐसे में राज्य की कांग्रेस सरकार को जनता को यह बताना चाहिए कि धान खरीदी में लगने वाली राशि का 90 फ़ीसदी हिस्सा केंद्र दे रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कृतघ्न कांग्रेस के स्वभाव और आचरण में पारदर्शिता है ही नहीं। यदि ऐसा लेशमात्र भी होता तो भूपेश बघेल सरकार और कांग्रेस स्पष्ट रूप से जनता को बताती कि मोदी सरकार किसानों से खरीदी जा रही धान की 90 प्रतिशत राशि दे रही है यानी एक रुपये में 90 पैसे दे रही है और भूपेश बघेल सिर्फ दस पैसे देकर दाऊ बन रहे हैं।

मोदी जी की योजनाएं घर घर पहुंचाने अल्पसंख्यक मोर्चा तैयार

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक कुशाभाऊ ठाकरे भवन भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई है। आज कार्यसमिति बैठक के पहले दिन अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी की अगुवाई में सत्र प्रारंभ हुआ। जिसमें सबसे पहले दीप प्रज्वलन कर बैठक प्रारंभ की गई।

अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने विस्तार से अपना मार्गदर्शन दिया और कहा मोदी सरकार की नीति सबका साथ सबका विकास की है देश के विकास का यह मूलमंत्र सब तक पहुंचे।सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी सभी को सभी इसका लाभ ले सभी को यह प्रयास पूरी तत्परता के साथ करना है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा को हर मंडल से लेकर एक एक बूथ स्तर तक जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को इन योजनाओं का लाभ मिल सके तथा ज्यादा से ज्यादा अपने समाज के लोगों के घरों में जाकर बैठक लेकर जानकारी देनी है।

मरकाम को प्रदेश भाजपा महामंत्री चौधरी की खुली चुनौती, कर लें 15 बनाम 5 पर बहस

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा है कि कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भारतीय जनता पार्टी के 15 साल और कांग्रेस के 5 सालों की तुलना के आधार पर चुनाव मैदान में जाने की बात कर सेल्फ गोल कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 15 सालों में हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की 13 हजार प्रति व्यक्ति आय को 92 हजार रुपए तक पहुंचाया। 4000 मेगावाट बिजली उत्पादन को बढ़ाकर 22000 मेगावाट तक बढ़ाया। 72 हजार सिंचाई विद्युत पम्पों की संख्या को साढ़े चार लाख की संख्या तक पहुंचाया। 5 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी को 77 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचाया गया। बिजली उत्पादन को बढ़ाकर सिंचाई का प्रतिशत 26 प्रतिशत से 36 प्रतिशत तक पहुंचाया गया। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पीएमजीएसवाई सड़कें, कुपोषण, संस्थागत प्रसव, स्कूल संख्या, डेंटल कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, आईएमआर, एमएमआर किस विषय पर मोहन मरकाम डिबेट करना चाहेंगे?

मोदी जी की योजनाओं को हर घर तक ले जाएं : भाजपा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज की देश की विचारधारा के और हमारी पार्टी की विचारधारा में देखा जाए तो ऋषि मुनियों के ज्ञान की आध्यात्मिक विचारधारा स्थापित हो रही है। अंत्योदय की कल्पना श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा लायी गई है। अंतिम छोर तक अंतिम व्यक्ति तक हर प्रकार की सुविधा हो। आज कोरोना का समय काल खंड को देखना चाहिए कि कैसे नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने लोगों को वैक्सीन निःशुल्क लगाया है। 3 करोड़ से ज्यादा लोगों के घर में बिजली देने के काम, प्रधानमंत्री आवास योजना, देश की आस्था का विषय हो, राम मंदिर, चारधाम, उज्जैन महाकाल लोक आदि, यही अंत्योदय की परिभाषा है। आज वनवासी क्षेत्र में 12 जातियों को नोटिफाई करने का काम किया है, वो नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। जिससे लाखों वनवासियों को उसका लाभ मिलेगा। 2003 के पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना शिथिल थी। भाजपा सरकार के 15 साल में 28000 किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क बनी है। एक रुपये चावल की शुरुवात हमारी सरकार ने देश भर में पहली सरकार ने किया था। साथ ही साथ नमक देने की भी योजना बनाई।जिससे 70 लाख परिवारों को फायदा होता था।

आदिवासी बच्चों को कुपोषण में डालकर विधायक और प्रशासन अपने पोषण में लीन : महेश गागड़ा

जिले के स्कूल आश्रम छात्रावास में मध्यान्ह भोजन के लिए वितरण होने वाली खाद्य सामग्री गुणवत्ताहीन होने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने विधायक कलेक्टर पर कमीशन का आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री गागड़ा ने प्रेस को जारी वक्तव्य में कहा है महीनों से जिले के गरीब आदिवासी बच्चों का निवाला कमीशन के भेंट चढ़ी है,बच्चों को कुपोषण में डालकर विधायक और प्रशासन स्वयं के पोषण में लगे हुए हैं। वहीं गुणवत्ताहीन खाद्यान्न वितरण किए जाने का आरोप विधायक और सरकार पर लगाते हुए कहा है कि स्वसहायता समूह से उनका कार्य छीनकर रायपुर में बैठे ठेकेदारों को दिया गया उन्हें आदिवासी बच्चों की स्वास्थ्य का कोई चिंता नही है इसलिए गुणवत्ताहीन सामग्री जिले में सप्लाई कर रहे हैं, सामग्री का स्तर ऐसा है जानवर को भी न खिलाया जाए ऐसी खाद्यान्न को आदिवासी बच्चों के थाली में परोसा जा रहा है। जिला प्रशासन कमीशन तक सिमट कर रह गई है इसलिए इस ओर कोई ध्यान नही है।

62 हजार करोड़ के कर्जदार पर कौन करेगा भरोसा : भाजपा

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने राज्य सरकार पर कर्मचारियों को उलझाने की नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कैबिनेट के फैसले के बाद लागू ओल्ड पेंशन योजना पर वित्त विभाग के जारी निर्देश ने कर्मचारियों के सामने समाधान की जगह नई समस्या पैदा कर दी है। यह सरकार किसी मुद्दे को सुलझाने में नहीं, उलझाने में भरोसा रखती है। ऐसा एक भी संवेदनशील मुद्दा नहीं है, जिसे इस सरकार की पैंतरेबाजी ने उलझाया न हो। इसी प्रकार ओल्ड पेंशन के नाम पर यह सरकार पेचीदगी खड़ी कर रही है। सरकार की नीयत में खोट है और कर्मचारी उस पर विश्वास करने की स्थिति में नहीं हैं।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, उसके लिए उन्हें शपथ पत्र देना होगा और एक शपथ पत्र देने के बाद कर्मचारी इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं कर सकते। भूपेश सरकार ने आदेश जारी किया है कि पुरानी पेंशन योजना में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना के खाते में जमा राशि, शासकीय अंशदान और आज दिनांक तक उस पर अर्जित लाभांश छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कोष में जमा करना होगा। यह राशि लगभग 17 हजार करोड़ है।यह राशि कर्मचारियों को सन 2004 से 2022 के बीच तत्कालीन सरकार द्वारा कर्मचारियों को दी गयी है। यह कर्मचारियों की ही राशि है,जिस पर कांग्रेस सरकार अपनी गिद्ध दृष्टि डाली हुयी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 4 साल में लगभग 62 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है।

प्रो-इंकम्बेंसी : भारतीय राजनीति को मोदीजी द्वारा प्रदत्त नया शब्द

ओ पी चौधरी

राजनीति में एंटी इनकंबेंसी बहु प्रचलित शब्द है। 'एंटी इंकम्बेंसी' का हिंदी में शाब्दिक अर्थ है 'सत्ता विरोधी लहर' अर्थात् सत्तारूढ़ सरकार के प्रति जनता के बीच व्यापक रोष, जो चुनाव में वोटों के रूप में प्रकट होता है और सत्तारूढ़ दल को सत्ता से बेदखल कर देता है। तुलनात्मक आधार पर गणना की जाय और आंकड़ों को खंगाला जाए तो राजनीतिक पंडितों के बीच यह माना जाता रहा है कि समूचे विश्व में 'एंटी इंकम्बेंसी' की सबसे अधिक दर भारत में सरकारों के विरुद्ध देखने को मिलती रही है। लेकिन भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इर्द- गिर्द एक अलग ही राजनैतिक ट्रेंड वर्ष 2001 से वर्तमान वर्ष तक साफ तौर पर देखा जा सकता है। हाल ही में संपन्न गुजरात चुनाव के ऐतिहासिक नतीजों को देखें या 2014 और 2019 के आम चुनावों के नतीजों का विश्लेषण करें, यह प्रमाणित होता है कि श्री नरेन्द्र मोदी की राजनीति में 'एंटी-इंकम्बेंसी' को कभी स्थान नहीं मिल पाया,बल्कि इस जगह को ' प्रो-इंकम्बेंसी' ने ले लिया। अर्थात् 'सत्ता विरोध की लहर' नहीं बल्कि 'सत्ता समर्थन की लहर' दिखाई देती है । मोदी सरकार के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति भारी समर्थन की लहर दिखाई देती है। जनता के मतों की ऐसी लहर, जो चाहती है कि मोदी का नेतृत्व यथावत बना रहे।

इसका एक प्रमुख कारण प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गरीब कल्याण की योजनाएं हैं। मोदी जी ने भाजपा को गांव और गरीबों की पार्टी के रूप में स्थापित किया है। गरीब कल्याण की योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिये JAM: अर्थात् जन धन, आधार और मोबाइल को साथ लाया गया। DBT के माध्यम से भुगतान करके गरीब कल्याण की योजनाओं को बिचौलियों और कमीशन खोरी से मुक्ति दिलाई गयी।

प्रो-इनकंबेंसी की वजह समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देकर समावेशी राजनीति को प्रमुखता के साथ सामने लाना भी है। चाहे अनुसूचित जाति वर्ग से श्री राम नाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति पद के लिये सामने लाने की बात हो या फिर आजादी के सात दशकों बाद पहली बार अनुसूचित जनजाति वर्ग की श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँचाने की बात हो या फिर मोदी कैबिनेट में अन्य पिछड़ा वर्ग के 27 अलग-अलग जातियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात हो।

प्रो-इनकमबेंसी का प्रमुख कारण मोदी जी द्वारा लिए जाने वाले मजबूत ऐतिहासिक निर्णय भी हैं। धारा-370 को कश्मीर से समाप्त किया गया। पाकिस्तान परस्त आतंकवाद को सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे सशक्त माध्यमों से जवाब दिया गया। चीन को भी उसी की भाषा में जवाब दिया गया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में मोदी सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण रहा। विदेश नीति में भी मोदी सरकार का स्पष्ट और मजबूत रवैया ऐतिहासिक रहा है। इन सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है कि मोदी जी का व्यक्तित्व ईमानदार,समर्पित और सच्चे राष्ट्रवादी की है।उनके नियत पर जनता जनार्दन को तनिक

भी संदेह नहीं है।इसलिए उनके कठोर निर्णयों को भी जनता स्वीकार करती है।

2019 का आम चुनाव आते तक देश की जनता मोदी जी की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर अपनी मुहर लगा चुकी थी। मोदी जी का जनता के प्रति समर्पण, अपनत्व और ईमानदार छवि को देशवासियों ने गहराई से स्वीकार किया 1 भारतीय राजनीति में 30 वर्षों बाद 2014 में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने के बाद, 2019- के चुनाव में 282 सीट के मुकाबले 303 सीट भाजपा को मिलना, इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि देश की जनता अपने विकास और देश की समृद्धि और सुरक्षा का नेतृत्व मोदी जी के हाथों में न सिर्फ रखना चाहती है, बल्कि मोदी जी के साथ भागीदार बनकर उसका एक हिस्सा भी बनना चाहती है।

मोदी जी की प्रो-इंकम्बेसी का सीधा उदाहरण लोक सभा और विधान सभा चुनावों में एक ही राज्य में मिले भिन्न जनादेशों में भी दिखाई देता है । उड़ीसा में 2019 में विधान सभा एवं लोकसभा दोनों के चुनाव एक साथ हुये। राज्य सरकार के रूप में जनता ने नवीन पटनायक की बीजेडी को चुना, वहीं एक ही दिन लोकसभा में मोदी की पार्टी भाजपा को ऐतिहासिक 8सीटें भी दी। एक ही दिन एक ही बूथ पर अनेकों मतदाताओं ने विधान सभा के लिए शंख का बटन दबाया और लोक सभा के लिए कमल का। जहां 2018 के विधान सभा चुनावों में भाजपा राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में विफल रही, वहीं सिर्फ 5 महीने बाद हुए लोक सभा चुनावों में भाजपा को बम्पर जनादेश मिला। मोदी लहर में राजस्थान की 25 में से 25, मध्य प्रदेश में 29 में से 28 और छत्तीसगढ़ में 11 में से 9 सीटें भाजपा की झोली में गई।

गुजरात विधानसभा चुनावों का इतिहास और हाल ही में आये विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो लगता है मानो गुजरात की जनता "प्रो-इंकम्बेंसी" का एक नया अध्याय लिख रही है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में गुजरात ने 26 की 26 सीटें भाजपा को दी और अब 27 वर्षों की सरकार के बाद 52.5% वोट के साथ इस बार विधानसभा की 182 सीटों में से 156 सीटें जीतकर मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा सीट जीतने का नया कीर्तिमान रच दिया। इसके पूर्व, 1985 में कांग्रेस को 149 सीटें मिलीं थी।

आज चुनावी रण में लगातार विजयी रहे नरेंद्र मोदी जी की प्रतिस्पर्धा में विपक्ष के पास कोई चेहरा नहीं दिखता है। 21 वर्षों से अधिक समय तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे चुनौतीपूर्ण पद संभालने वाले मोदी जी अपने करिश्माई नेतृत्व, ईमानदार व्यक्तित्व और कुशल प्रशासक छवि के कारण भारतीय राजनीतिक इतिहास के बड़े जननायक हैं।

गुजरात में मोदी ने मुख्यमंत्री का पद भूकंप के बाद की विकट परिस्थितियों में ग्रहण किया था। ऐसे दौर में मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व क्षमता की बदौलत गुजरात को पुनः विकास की राह पर खड़ा किया। भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पुनर्वास हेतु युद्धस्तर पर कार्य किए गए। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा को अवसर में बदला। वाइब्रेंट गुजरात बनाने का प्रण लिया, दुनिया के हर कोने से निवेशकों को आकर्षित किया।

नरेंद्र मोदी जी ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दूरदर्शिता का परिचय देते हुए जन हित में दूरगामी फैसले लिए। नर्मदा नदी के पानी को मरूस्थल बन चुके कच्छ के क्षेत्रों तक पहुचाने की योजना बनाई। कच्छ को कश्मीर की तरह पर्यटन का केंद्र बना दिया गया। आज विश्व प्रसिद्ध सरदार सरोवर डैम मोदी के अथक प्रयासों की गवाही देता है। पूरे नहर सिस्टम के ऊपर सोलर एनर्जी के लिए जाल बिछाया गया। किसानों के लिये बिजली का अलग फ़ीडर खड़ा कर दिया।

आज चुनावी रण में लगातार विजयी रहे नरेंद्र मोदी जी की प्रतिस्पर्धा में विपक्ष के पास कोई चेहरा नहीं दिखता है। 21 वर्षों से अधिक समय तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे चुनौतीपूर्ण पद संभालने वाले मोदी जी अपने करिश्माई नेतृत्व, ईमानदार व्यक्तित्व और कुशल प्रशासक छवि के कारण भारतीय राजनीतिक इतिहास के बड़े जननायक हैं। मोदी जी के साथ- साथ हमारे भारत देश का भी गौरव लगातार नयी ऊचाईयों पर पहुंच रहा है 1 देश के सतत विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत की जनता- जनार्दन एक दूसरे के पूरक साबित हो रहे हैं 1

किसी सत्तासीन सरकार यानि इंकबेंट गवर्नमेंट के पक्ष में बंपर वोटिंग और सीटों के नए कीर्तिमान बनना इस बात का सूचक है कि भारतीय वोटर अब गवर्नेंस में अपनी भागीदारी की जिम्मेदारी को बखूबी समझता है। मोदी जी के 2001 से अब तक 21 वर्ष की राजनीति में लोकप्रियता वर्ष दर वर्ष बढ़ती ही गई है। भारतीय वोटर ने दुनिया को दिखा दिया है कि वोट केवल एंटी-इंकम्बेंसी के लिए नहीं बल्कि प्रो-इंकम्बेंसी के लिए भी प्रचंडता से डाले जाते हैं। जनता का किसी सरकार द्वारा किये गए विकास और विजन पर अटूट विश्वास हो,तो जनता के लिए चुनाव अपने विश्वास को व्यक्त करने का पर्याय बन जाता है और उसे ही हम प्रो-इंकम्बेंसी कहते हैं। ●●●

-लेखक, पूर्व आईएएस अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश महामंत्री हैं.

निवेदन

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं या WhatsApp कर सकते हैं। फोन से भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

कार्यकारी संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर
डूमरतराई, रायपुर। (छग), फोन : 0771-2233500, WhatsApp : 9425507006, Email : jay7feb@gmail.com

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम बस्तर में संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, सांसद संतोष पांडेय और बड़ी संख्या में आंध्र समाज के भी सदस्य मौजूद रहे।

मुगल गार्डन अब हुआ
अमृत उद्यान

RNI No.CHHHIN/2004/13926

दीपकमल के पिछले सभी अंक पढ़ने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।